तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025




12 नालियों में डाल रहे गोबर इसलिए बन रहे जाम के हालात, अब लगेगा जुर्माना



### दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, जामुल, कुम्हारी, उतई का क्लस्टर बनाकर तैयार की जा रही योजना

# कचरे से तैयार सीबीजी ईंधन से चलेंगी बसें और कारें, दुर्ग के 7 शहरों के कचरे की प्रोसेसिंग के लिए सेमरिया में लगेगा प्लांट

अतुल अग्रवाल ⏭दुर्ग

जिले के 7 प्रमुख निकायों में इंदौर और रायपुर की तर्ज में सफाई होगी। नियमित रूप से डोरटूडोर कचरा कलेक्शन किया जाएगा। गीला-सूखा कचरा अलग-अलग किया जाएगा। इस कचरे को सेमरिया स्थित प्लांट पहुंचाया जाएगा, जहां इस कचरे की प्रोसेसिंग कर उपयोग लायक बनाया जाएगा। इसमें सीबीजी यानी कंप्रेस्ड बायो गैस तैयार की जाएगी। यह कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) का एडवांस रूप है, जिसका उपयोग बसों और कारों में ईंधन के रूप में होगा। सेमरिया में लगने वाला प्लांट फुल ऑटोमैटिक होगा, जिसमें गीला कचरा निस्तारित होने के साथ गैस किट में सीबीजी संग्रहित होगी, जैविक खाद भी तैयार हो जाएगी। सूखा कचरा को भी अलग-अलग कर उपयोग में लाया जाएगा। प्लास्टिक वेस्ट को कट कर उसे सीमेंट फैक्ट्रियों को बेचा जाएगा। इसका एक पूरा प्लान तैयार किया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन 400 टन कचरा प्रोसेसिंग वाले इस प्लांट को लगाने के लिए सेमरिया में जगह चिन्हित की गई है। एक साथ इतना कचरा उपलब्ध कराने के लिए जिले के सात प्रमुख निकायों दुर्ग, उतई, रिसाली, भिलाई, भिलाई-चरोदा, कुम्हारी, जामुल को योजना में शामिल किया गया है। वर्तमान में संचालित सफाई व्यवस्था से यह पूरी तरह अलग है। इसे लेकर पिछले दिनों दुर्ग, भिलाई और अन्य निकायों के जनप्रतिनिधियों ने इंदौर में इस सफाई व्यवस्था का अवलोकन भी किया, जिसके बाद इस पर युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया गया है।

अलग खबर



इंदौर की तर्ज पर होगी सफाई

### बांटे जाएंगे गुलाबी रंग के बैग, दो डस्टबिन भी देंगे

अधिकारियों ने बताया कि हर मोहल्ले और कॉलोनी से अलग-अलग गीला-सूखा कचरा कलेक्ट किया जाएगा। इसके लिए हर घर दो-दो बाल्टियां बांटी जाएंगी। इसके अलावा गुलाबी रंग का बैग अलग दिया जाएगा। जिन घरों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग इकट्ठा नहीं होगा, उसे कलेक्शन सेंटर में बनी मशीनों में अलग कर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जाएगा। इस दौरान घरों से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक होने वाले सभी प्रोसीजर साइंटिफिक सिस्टम से किए जाएंगे। इसके बाद वैज्ञानिक तरीके से कचरे को डिस्पोज किया जाएगा।

### कचरे से खाद और सड़क बनाने वाली चीजें बनेंगी

जानकारी के मुताबिक इस नई और बड़ी योजना के अनुसार शहर में कहीं भी दोपहर 12 बजे के बाद कचरा नहीं रखा जाएगा। यानी वार्डों से कचरा कलेक्शन सेंटर और वहां से सीधे डंपिंग यार्ड में पहुंचा दिया जाएगा। यहां कचरे को साइंटिफिक तरीके से डिस्पोज किया जाएगा। इसके लिए आधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी। इसी कचरे से सड़क बनाने वाला प्लास्टिक सीमेंट और खाद भी तैयार किया जाएगा। किसी भी डंपिंग यार्ड में कचरे का पहाड़ तैयार होने नहीं दिया जाएगा।

### तैयार गैस का इस्तेमाल वाहनों में होगा

सेमरिया में तैयार प्रोसेसिंग प्लांट में उत्पादित सीबीजी गैस का उपयोग नगर बसों और अन्य वाणिज्यिक माध्यमों में किया जाएगा। संयंत्र से सह-उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद से राज्य में जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे पर्यावरण अधिक स्वच्छ होगा। कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) अनॉक्सी प्रक्रिया से बना हुआ एक प्रकार का ईंधन है। यह अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ है, जिसका उपयोग मोटर वाहनों को चलाने के साथ ही खाना पकाने और अन्य कई कामों के लिए किया जा सकता है। कम्प्रेस्ड बायो गैस बायोमास से तैयार किया जाता है। बायोमास यानी कृषि अपशिष्ट, मवेशी गोबर, सुगरकेन प्रेस मड, नगर निगम ठोस अपशिष्ट और सीवेज उपचार संयंत्र अपशिष्ट आदि से निकला हुआ गैस है।

### पहली बार वार्डों के कचरा सेंटरों में लगेगी नई मशीन

शहर के सभी कचरा सेंटर जो कलेक्शन सेंटर में बनाए गए हैं। वहां कचरा डिस्पोज करने की छोटी मशीन लगाई जाएंगी। इस मशीन का मुख्य काम गीला और सूखा कचरा अलग करना होगा। यानी जिन घरों से कचरा मिक्स होकर मिलेगा, उसे इन्हीं कचरा सेंटरों में अलग कर लिया जाएगा। सबसे पहले यह मशीनें एसएलआरएम सेंटरों में लगाई जाएंगी। इसके लिए फंड भी रिलीज किया जा चुका है। ताकि कहीं भी मशीन खरीदने में कोई दिक्कत न हो। स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। अगले महीनेभर के अंदर एसएलआरएम सेंटरों में कचरे की प्रोसेसिंग शुरु होगी।

### कम्प्रेस्ड बायो गैस के क्या होंगे फायदे, जानिए

सीबीजी में सीएनजी की तरह ही ऊर्जा होती है। इसमें सीएनजी के समान गुणधर्म होते हैं। इसका उपयोग हरित नवीन ऑटोमोटिव फ्यूल के रूप में किया जा सकता है। देश में पर्याप्त मात्रा में बायोमास को देखते हुए ऑटोमोटिव, इंडस्ट्री और कमर्शियल क्षेत्र में सीएनजी की जगह इसका उपयोग किया जा सकता है। साथ ही कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, प्रदूषण में कमी, जलवायु परिवर्तन में लाभ, किसानों के लिए अतिरिक्त लाभ के रूप में सीबीजी को देखा जा सकता है।

### इंदौर की तर्ज पर शहर में सफाई का बिग प्लान

“ इंदौर की तर्ज पर सफाई को लेकर बड़ा प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके लिए क्लस्टर तैयार किया गया है। जिले के 7 प्रमुख निकायों को इसमें शामिल किया गया है। वर्तमान में मिशन क्लीन सिटी के तहत शहर में सफाई की जा रही है।

**- सुमित अग्रवाल**, आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### सेमरिया में पहले से ही जगह तय की जा चुकी

“ सेमरिया में पहले से ही जगह तय की जा चुकी है। हर दिन करीब 400 टन कचरा प्रोसेसिंग वाले इस प्लांट को ध्यान रखकर ही क्लस्टर तैयार किया गया है। कचरे से खाद और ईंधन तैयार किया जाएगा। ईंधन कार्य एजेंसी बेचेगी। इस ईंधन से बस और कार चलेंगी। सीएनजी की तरह इस ईंधन को उपयोग में लाया जाएगा।

**- जावेद अली,** स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम भिलाई

## खबर संक्षेप

### मदरटेरेसा नगर में नाली से अतिक्रमण हटाया



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 जे. पी. नगर के स्थानीय नागरिकों एवं दुकान संचालकों द्वारा नाली के उपर ढलाई कर अतिक्रमण कर लिया गया था। स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सफाई करते है, तो नाली के उपर ढलाई कर देने से नालियों की सफाई नहीं हो पाती है। जिसके कारण पानी भराव जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है और पानी का बहाव नहीं हो पाता है। इस संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को ज्ञात हुआ तो उन्होंने जोन 3 के राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किए। मौके पर जाकर निरीक्षण करें और नाली के उपर से कब्जा मुक्त कराएं। निर्देश प्राप्त होते ही जोन की टीम स्थल पर पहुंचकर जे.सी.बी के माध्यम से नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण को तोड़कर नाली को रिक्त कराया गया।

### खुर्सीपार का जर्जर स्कूल होगा डिसमेंटल , खेल मैदान बनेगा



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में शासकीय स्कूल का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 51 शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण कर जर्जर भवन को तोड़कर समतलीकरण करने निर्देशित किए है। स्कूल में बच्चो के खेलने के लिए मैदान बनाने एवं स्कूल के शौचालय का चेम्बर भरकर ओवर फ्लो हो रहा है, जिसका संधारण कराने को कहा गया। आयुक्त ने बच्चो के क्लास रूम में जाकर उनसे पढ़ाई से संबंधित सवाल जवाब भी किए। आयुक्त ने सुलभ शौचालय, आई.टी.आई. कथा स्थल एवं अटल आवास का निरीक्षण किया। खुर्सीपार आई.टी.आई. परिसर में भागवत कथा आयोजित है, जहां नागरिको के बैठने, पानी, स्वच्छता एवं चलित शौचालय की व्यवस्था का निरीक्षण किए हैं, जिससे आम नागरिकों को दिक्कत ना हो। कथा स्थल हेतु समीपस्थ आईटीआई ग्राउंड मैदान, कैनाल रोड के किनारे मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आयुक्त द्वारा बापू नगर उद्यान के समीप विगत कई वर्षो से निर्मित अटल आवास है जिसका अवलोकन किया गया। देखरेख के आभाव में आवास जर्जर हो गया है, उक्त जर्जर आवास को गिराकर अन्य उपयोगी कार्य हेतु निर्देशित किए हैं ।

### सब इंस्पेक्टर हुआ छिनैती का शिकार

**भिलाई।** टाउनशिप क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने मार्निंग वॉक पर निकले सब इंस्पेक्टर अय्यूब हुसैन (61 साल) का मोबाइल छीना और फरार हो गए। हुसैन चर्च रोड के सामने सेक्टर 6 में रहते हैं और पुलिस दूरसंचार विभाग मुख्यालय सेक्टर 6 में उप. निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 सितंबर को सुबह 4.35 बजे वो अपनी साइकिल से मार्निंग वॉक के लिये निकले थे। उन्होंने मोबाइल को अपनी शर्ट के ऊपरी जेब में रखा था। सेक्टर 6 चर्च के सामने सुबह 4.45 बजे पहुंचे ही थे कि उसी समय पीछे से एक मोटर साइकिल में सवार 3 अज्ञात लड़के आये और शर्ट की जेब में रखे मोबाइल पर झपट्टा मारकर फरार हो गए। अय्यूब ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन आरोपी भाग गए। जो मोबाइल छीना गया है उसकी कीमत 14000 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में धारा 3(5),304(2) बीएनएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## भाजयुमो नेता ने शादी का झांसा देकर युवती किया अनाचार, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

एक युवती को शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने के मामले में स्मृति नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिस युवक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, वो भाजयुमो का नेता बताया जा रहा है।

स्मृति नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि मुकेश सोनकर डिपरापारा (पोटिया) दुर्ग निवासी ने उसे प्रेम और शादी का झूठा प्रलोभन दिया और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध स्थापित किया है। पुलिस ने धारा 69, 115 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में विवेचाना की जा रही है।

### भाजयुमो नेता है आरोपी पुलिस कर रही जांच

जिस मुकेश सोनकर के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है वो भाजयुमो का नेता बताया जा रहा है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ में ये बात आई है कि आरोपी भाजयुमो नेता है, पुलिस मामले की जांच कर रही है, उसमे स्पष्ट हो जाएगा कि वो किस पद में और पार्टी से जुड़ा है।

### शादी के लिए दबाव बनाया तो युवती से की मारपीट

एएसपी सुखनंदन राठौर से जब मामले में बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्मृति नगर चौकी अंतर्गत रहने वाली 28 वर्षीय पीड़ित ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी मुकेश सोनकर ने उसे शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया और जब पीड़िता ने शादी करने कहा गया तो वह मुकर गया। जब पीड़िता ने दबाव बनाया तो उसने उसके साथ मारपीट भी की।

### अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

युवती ने बताया कि आरोपी ने पहले उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो दिखाने की धमकी देकर भी उससे जबरदस्ती किया।

### इस बारे में मुझे जानकारी नहीं

“ इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है। मैं जिस मुकेश सोनकर को जानता हूँ वह बीजेपी युवा मोर्चा के महामंत्री हैं। आज सुबह से उनका फोन नहीं लग रहा था। वे कार्यक्रम में भी नहीं आए। - **जीत यादव,** अध्यक्ष बीजेपी युवा मोर्चा दुर्ग

## मछली पकड़ने गए दो युवक नाले में बहे, दोनों के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





भिलाई में स्मृति नगर चौकी अंतर्गत जुनवानी क्षेत्र में विनोबा नगर के पास स्थित नाले में मछली पकड़े गए दो युवक बह गए थे। एसडीआरएफ दुर्ग की टीम ने एक युवक के शव को घटना के दिन ही बरामद कर लिया था, वहीं दूसरे युवक का शव गुरुवार को खोजकर निकाला गया है।

जानकारी के मुताबिक विनोबा नगर जुनवानी निवासी पीलू निषाद (50 साल) और पवन खुटेल पिता घनश्याम खुटेल (34 वर्ष) 9 सितंबर मंगलवार देर शाम विनोबा नगर में एमजे कॉलेज के पास स्थित नाले के पास मछली पकड़ने गए थे। नाले पर बने एनीकट के पास वो लोग जाल लगा रहे थे, तभी पवन का पैर फिसल गया और वो तेज बहाव में चला गया। उसे बचाने के लिए पीलू निषाद भी नाले में कूद पड़ा। उनके साथ उनका तीसरा साथी नरेंद्र वर्मा भी था, लेकिन नाले का तेज बहाव देखकर वो पानी में नहीं उतरा। उसने लोगों को बचाव के लिए गुहार लगाई और डायल 112 में सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम वहां पहुंची, लेकिन रात अधिक हो जाने से वो लोग रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं कर पाए। अगले दिन बुधवार को एसडीआरएफ की टीम नाले के पानी में उतरी। टीम ने कई घंटे की मसक्कत के बाद पीलू निषाद का शव खोजकर बाहर निकाल लिया था, लेकिन पवन का कहीं पता नहीं चला।

रात हो जाने से एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू बंद कर दिया। इसके बाद गुरुवार सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू किया गया और नाले के कचरे में फंसा हुआ पवन का शव भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीआईटी में आज होगा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान

# मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान से नवाजे जाएंगे संभाग के 70 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग संभाग के 70 शिक्षकों का मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान मिलेगा। इन शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। बीआईटी दुर्ग में दोपहर 1 बजे इन शिक्षकों आयोजित अलंकरण समारोह में सम्मानित करेंगे। इसमें संभाग स्तरीय शिक्षा श्री पुरस्कार 3 शिक्षकों को मिलेगा। पांच उत्कृष्ट प्राचार्य, 25 उत्कृष्ट प्रधानपाठक मिडिल और 25 उत्कृष्ट प्रधानपाठक प्राइमरी स्कूल और दुर्ग जिले के तीन ज्ञानदीप और 9 शिक्षा दूत सम्मान के लिए चयनित शिक्षक भी शामिल होंगे। संयुक्त शिक्षा संचालक दुर्ग व जिला शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ये अलंकरण समारोह आयोजित है।

### इन शिक्षकों को शिक्षा श्री पुरस्कार

दुर्ग संभाग स्तरीय पर शिक्षा श्री पुरस्कार कबीरधाम चंद्रिका प्रसाद चंद्रवंशी व्याख्याता (एल.बी.विद्यालय सारंगपुरकला, बालोद तामसिंह पारकर व्याख्याता (एल.बी.कुसुमकसा और दुर्ग पाउवारा स्कूल की शुत्रा वर्मा व्याख्याता (एल.बी.) को मिलेगा।

### पांच उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय बालोद प्राचार्य लीनू तुली, बेमेतरा स्वामी आत्मानंद विद्यालय हसदा बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उमा विद्यालय कुम्हारी लता रघुकुमार दुर्ग, कबीरधामा शासकीय उमा विद्यालय कोड़ापुरी कबीरधाम, मोहला मानपुर चौकी से हाई स्कूल कंदाड़ी के रोहित कुमार अम्बादे और खैरागढ़ छुई खदान पीएम श्री विद्यालय छुईखदान के हिरातंक द्विवेदी।

### उत्कृष्ट प्रधानपाठक प्राइमरी स्कूल

योगेश कुमार ध्रुव, राम जी साहू अनूप कुमार गुप्ता, नवीन भारद्वाज, दिनेश कुमार साहू, डोमन सिंह वर्मा, रोहित कुमार साहू, अम्बालिका ,भीषम साहू, सतीश कुमार रात्रे, निर्मल कुमार दुबे, दीपक देशलहरा, टोमन लाल बंजारे, तनुजा वंजारे, कौशल कुमार सर्वे, दिशालिक राम साहू, श्री राम पटेल, पूनम जोशी, धनुष राम कंवर, लादूराम साहू, शिवांगी पशीने, जनक लाल बोगा, सुरेन्द्र कुमार पटेल, सुनील कुमार शर्मा।

### उत्कृष्ट प्रधानपाठक मिडिल स्कूल

दुर्योधन प्रसाद चंद्रवंशी, रामाधार सिंह मंडावी, मंजू चंद्राकर, संतोष कुमार चंद्रवंशी, विजय लक्ष्मी राव, विकास कुमार, कोमलराम बंछोर, उदय शंकर त्रिपाठी, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, गायत्री जोगी, सेऊक राम साहू, सुरेन्द्र कुमार रामटेके, रमेश कुमार हिरयानी, पनुक राग धनंजय, राजूलाल देवदास, अनिरुद्ध दास नवरंगा, लावण्य प्रभा सिंह, उमेश्वर दास सार्वा, शेषनारायण शांडिल्य, भेल सिंह वर्मा, गोहरू राम जंघेल, राजेश कुमार जंघेल, प्रमेन कुमार देशलहरे, अशोक कुमार मिश्रा, संतोष कुगार नरवासे

### इन शिक्षकों को ज्ञानदीप व शिक्षा दूत पुरस्कार

ज्ञानदीप पुरस्कार दुर्ग विजयलक्ष्मी राव अंडा, धमधा संतोष कुमार चीचा, पुष्पेन्द्र कुमार साहू टेमरी को दिया जाएगा। शिक्षा दूत पुरस्कार वर्षा यादव मरोदा टैंक, दीपक साहू खोपली, भानेश्वरी साहू कातरो, हिरेन्द्र मंडावी सुरपा, राघवेन्द्र ध्रुव उमरपोटी, कामता प्रसाद धनकर चीचा, सुनील स्वर्णकार रौंता, दिलीप वर्मा नवागांव, मोहन यादव मलपुरीकला।


हरिभूमि पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री



916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग

(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग

(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



TEAM CREATIVE

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग

मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

9300558900, 9300509100

# नालियों में डाल रहे गोबर इसलिए बन रहे जाम के हालात, अब लगेगा जुर्माना

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में ढाई सौ से ज्यादा खटाल संचालित हो रहे हैं, इनमें से अधिकांश अपने आसपास गंदगी फैला रही है, जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हर समय संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है।

डेंगू, मलेरिया, हैजा जैसी बीमारियां घर कर रही है। पिछले दिनों देखने में आया है कि खटाल संचालकों द्वारा गोबर नालियों में बहाया जा रहा है, जिसकी वजह से नालियां जाम हो रही हैं। बारिश के बाद आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा हो रहा है। महापौर अल्का बाघमार ने निरीक्षण के दौरान यह गड़बड़ी पकड़ी है। इस खुलासे के बाद महापौर ने गुरुवार को अधिकारियों की बैठक बुलाई। इस बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि ऐसे साले खटाल संचालकों को तत्काल नोटिस जारी किया जाए। उन्हें 10 दिन का समय दिया जाए। इसके बाद 1 अक्टूबर से अभियान शुरू कर गोबर फैलाने वालों से जुर्माना वसूला जाए। निगम मुख्यालय के सभागर में हुई बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधिकारी शोएब अहमद, डेयरी संचालक सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## महापौर अल्का बाघमार ने निरीक्षण के दौरान पकड़ी गड़बड़ी, घर का नल कनेक्शन भी कटेगा, सुपरवाइजरों पर भी होगी कार्रवाई

### नागरिकों की शिकायत बनी औचक बैठक का कारण, दिए जरूरी निर्देश

जानकारी के मुताबिक एक दिन पहले महापौर ने वार्डों का निरीक्षण किया था। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खटाल संचालकों के खिलाफ शिकायत की। इसके बाद महापौर ने बैठक बुलाई। बैठक में महापौर ने डेयरी संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने और नालियों में गोबर डालने पर रोक लगाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने साफ कहा कि नगर निगम की अपील को अनदेखा करने वालों पर अब सीधी कार्रवाई की जाएगी। लगातार यह शिकायतें मिल रही हैं कि डेयरियों से निकलने वाला गोबर सीधे नालियों और सड़कों में फेंक दिया जा रहा है। इससे न केवल नालियां जाम हो रही हैं, बल्कि पूरे मोहल्ले में दुर्गंध फैल रही है। नागरिक इस अव्यवस्था को झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि यह लापरवाही जनता के स्वास्थ्य और शहर की स्वच्छता दोनों के लिए गंभीर खतरा है।



### गोकुल नगर भेजा, लेकिन बड़ी संख्या में शहर में जमे

बता दें कि निगम ने गोकुल नगर में खटाल संचालकों को विस्थापित किया था। 70 से ज्यादा संचालकों को जगह भी आवंटित की गई। वर्तमान में इन खटाल संचालकों द्वारा शहर में ही डेयरी का व्यवाय किया जा रहा है। कुछ ऐसे हैं, जो दोनों जगहों पर जमें हुए हैं। कुछ ने सुविधाओं के अभाव के कारण जाने से ही इंकार कर दिया। वर्तमान में डेयरी और खटाल शहर के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। बहरहाल निगम प्रशासन ने इसे लेकर अब तक गंभीरता नहीं दिखाई है। इसके कारण संचालकों के हौसले बुलंद हैं। निगम को गंभीरता से नहीं लिया है।

### खटालों में गंदगी, सड़कों में घूम रहे मवेशी

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि हाल ही में विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई जगहों पर नालियों में गोबर बहते हुए पाया गया। सड़कों में मवेशी घूमते नजर आए। महापौर ने डेयरी संचालकों को साफ शब्दों में कहा कि यह आखिरी अपील है। अब बार-बार निवेदन नहीं किया जाएगा। गोबर से कंडा तैयार करें और उसका उपयोग करें। 10 दिन की मोहलत है। 1 अक्टूबर से कार्रवाई होगी। जुर्माना वसूला जाएगा। महापौर इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

---

## खबर संक्षेप

### अनावश्यक दबाव बच्चों में देता है तनाव को जन्म



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय और सिम्हांस देवादा के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा... हर माता पिता अपने बच्चों से बड़ी उम्मीदें रखते हैं कि भविष्य में ऐसा काम करेंगे, जिससे उनका नाम रोशन होगा।उन्हें गर्व महसूस होगा, जिसमें बच्चों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक दबाव बच्चों में तनाव को जन्म देता है। यह आत्महत्या का बड़ा कारण बन रहा है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद गुप्ता ने अपने व्याख्यान में आत्महत्या के संबंध में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की एवं महत्वपूर्ण तथ्यों के साथ–साथ तकनीकी सुझावों पर व्याख्यान दिया। सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, प्राचार्य, डॉ. विनय शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

---

### हटरीबाजार की दुकानों का मामला, अफसरों की गलतियों का खामियाजा भुगत रहे व्यापारी

# शासन को भेजी गलत जानकारी, स्थाई किरायानामा देने के बाद भी नई दरों से भेज रहे लाखों का प्रीमियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम द्वारा भेजे गए वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार प्रीमियम राशि जमा करने संबंधी नोटिस के खिलाफ एक बार फिर लामबंद हो गए हैं।

इस मसले पर क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा महापौर अलका बाघमार को ज्ञापन सौंपकर उन्हें दुकान आवंटन के सारे नियम-शर्तों से अवगत कराया गया। व्यापारियों का कहना था कि दुकान आवंटन के समय प्रीमियम राशि जमा करने के साथ सारे नियम शर्तें पूर्ण कर ली गई थी। फिर दोबारा प्रीमियम राशि भुगतान का सवाल ही नहीं उठता है, लेकिन 31 अक्टूबर 1996 में निगम द्वारा प्रस्ताव पारित कर न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट कुल 209 दुकानदारों को निगम के बाजार विभाग द्वारा प्रीमियम राशि जमा करने के लिए लगातार नोटिस भेजा जा रहा है। जिससे व्यापारी पिछले 30 सालों से परेशान हैं। यह प्रीमियम देय की राशि हजारों रुपए से लेकर लाखों रुपए में है। इसे लेकर व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा है।

*शहर के प्रमुख बाजारों में से एक न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट में पिछले 100 सालों से काबिज व्यापारियों को निगम द्वारा लाखों रुपए का प्रीमियन नोटिस भेजा जा रहा है। यह नोटिस 10 लाख से 17 लाख रुपए तक का है। मामला 209 दुकानों का है, जो पिछले लंबे समय से इस जगह पर काबिज हैं।*

#### पूर्व महापौर ने मामले का किया खुलासा



#### नजूल की भूमि का निगम वसूल रहा किराया

इस मामले को लेकर पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार ने कहा कि जमीन नजूल की थी। जब दुर्ग निगम पालिका था, उस समय स्थाई किरायानाम जारी किया। उस समय निर्धारित प्रीमियम के हिसाब से ही फ्री होल्ड की प्रक्रिया होनी है, लेकिन निगम द्वारा वर्तमान दर से आकलन किया जा रहा है। इस वजह से प्रीमियम राशि कई गुना ज्यादा दर्शाई जा रही है। इतना ही नहीं निगम ने वर्ष 2002 के बाद से नजूल टैक्स भी जमा नहीं किया गया। उल्टा व्यापारियों पर दोषारोपण किया जा रहा है। इस मामले को लेकर कई व्यापारी अपनी आवाज बुलंद कर चुके हैं, लेकिन शहर सरकार के जिम्मेदारों ने कभी भी इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिस वजह से दिक्कत बढ़ गई है। इधर निगम द्वारा लगातार व्यापारियों को रिमाइंडर नोटिस भेजा जा रहा है।

#### फ्री होल्ड स्कीम लाई गई उसमें भी की गई गड़बड़ी

व्यापारियों ने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने 6 जुलाई 2022 को फ्री होल्ड स्कीम लागू की थी। इस स्कीम का क्षेत्र के केवल 10-12 व्यापारियों को ही लाभ मिला, लेकिन शेष व्यापारी आवेदन देने के बाद भी फ्री होल्ड स्कीम के लाभ से वंचित रहे। व्यापारियों ने स्पष्ट कहा है कि शासन द्वारा फ्री होल्ड स्कीम लागू होने से पुराने प्रस्ताव स्वमेव समाप्त हो जाता है। जिससे न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के व्यापारियों को प्रीमियम भुगतान के लिए नोटिस भेजने का कोई औचित्य नहीं है। न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के व्यापारियों के दुकान आवंटन संबंधी इन सारे विषयों और समस्याओं को गुरुवार को पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार द्वारा व्यापारियों की मौजूदगी में मीडिया के समक्ष रखा गया। ताम्रकार ने महापौर अलका बाघमार से आग्रह करते हुए कहा कि दुकान आवंटन के संबंध में निगम द्वारा शासन को सही जानकारी देकर प्रीमियम भुगतान संबंधी नोटिस को रद्द करवाने में उचित पहल करें। अन्यथा व्यापारियों को इस पूरे मामले को लेकर न्यायालय की शरण लेनी होगी।

#### रद्द किया जाए नोटिस, फ्री होल्ड की जाए दुकानें

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी ने कहा है कि न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के व्यापारियों द्वारा दुकान आबंटन के लिए शासन व निगम की सारी प्रक्रिया पूर्ण की गई है। बावजूद उन्हें प्रीमियम राशि भुगतान के लिए लगातार नोटिस दिया जाना समझ से परे है। जिसके खिलाफ व्यापारी पिछले 30 सालों से लड़ाई लड़ रहे है। महापौर अलका बाघमार को प्रीमियम राशि भुगतान संबंधी नोटिस को रद्द करवाकर व्यापारियों को परेशानियों से राहत दिलाने की दिशा में उचित पहल करनी चाहिए। ताकि सालों पुराने इस मामले का पटाक्षेप हो सके।

#### निगम ने सही आंकलन नहीं किया तो व्यापारी जाएंगे कोर्ट

ताम्रकार ने बताया कि इस मुद्दे के समाधान के लिए शासन और प्रशासन स्तर पर पहल किए गए है, लेकिन व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। अंतिम विकल्प कोर्ट है। यदि व्यापारियों की मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो हम कोर्ट की ओर रुख करेंगे। क्षेत्र के परेशान व्यापारियों की मांगो को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का भी समर्थन मिल रहा है। जिसके चलते मीडिया से चर्चा के दौरान हटरी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष और कैट चेयरपर्सन पवन बड़जात्या, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, व्यापारी संगठन के शिवराज राऊत, जवाहर जैन, मोहम्मद अली हिरानी, कुलदीप सिंह भाटिया अधिवक्ता सौरभ ताम्रकार मौजूद रहे। इस मसले को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो कोर्ट जाएंगे।

---

## शिव मुनि के जन्मोत्सव व प्रिय दर्शना की दीक्षा जयंती पर 14 से ध्यान साधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में श्रमण संघ के आचार्य ध्यान योगी डॉ. शिव मुनि का 84 वां जन्म महोत्सव एवं साध्वी प्रिय दर्शना का 46वां दीक्षा जयंती उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर 14 से 21 सितंबर तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 14 सितंबर सुबह 12 बजे से अभी वर्षा खुली किताब प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रारंभ होने वाली यह प्रतियोगिता लगभग 4:30 बजे तक चलेगी। श्रमण संघ बालिका मंडल, श्रमण संघ महिला मंडल इसकी तैयारी कर रहे हैं। 35 ग्रुप में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 15 सितंबर को डॉ. शिव मुनि की प्रेरणा और आशीर्वाद से आत्म ध्यान साधना शिविर सुबह 5:30 बजे प्रारंभ होकर शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगा। इस आत्म ध्यान साधना शिविर में उड़िसा से आई साधिका शीतल लोढ़ा संयोजन करेंगी। साध्वी प्रियदर्शना, प्रियदा एवं साध्वी समुदाय के सानिध्य प्राप्त होगा, जो साधक प्रातः काल से शिविर में भाग नहीं ले सकते हैं, वे सुबह 10:30 बजे से 4:30 बजे तक इस शिविर में भाग ले सकते हैं। प्रश्न पत्र संयोजिका साध्वी सुकृति श्रीजी इस आयोजन के लिए पुरुषार्थ कर रही हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से लोग इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। 15 सितंब को शाम के समय भी ध्यान साधना का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी।

### सेक्टर-9 चौक में फहरेगा भगवा ध्वज

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के जन्मदिवस पर 12 सितंबर को विशाल भगवा ध्वजारोहण सेक्टर 9 चौक में किया जाएगा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष मदन सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर 9 चौक में विशाल भगवा ध्वजारोहण 12 सितंबर को सुबह 9.30 बजे किया जाएगा। तत्पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी रामभक्तों, सनातनियों एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों से जुड़ने अपील की है।

---

# पीएम आवास 2.0 : छूटे हर हितग्राही को आवास दिलाने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर पालिक निगम में अंगीकार 2025 अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अभियान की सफलता के लिए जोनवार विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए और प्रतिदिन रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से की जाए। बैठक में सभी नोडल अधिकारी और विभागीय प्रतिनिधि शामिल रहे। आयुक्त ने सभी विभागीय प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को धरातल पर उतारने और तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी सौंपी।

■ दुर्ग निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि अंगीकार 2025 एक व्यापक आउटरीच अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ शीघ्र पहुँचाना है।उन्होंने बताया कि इस अभियान से न केवल स्वीकृत आवासों का शीघ्र निर्माण होगा, बल्कि लाभार्थियों का भरोसा भी मजबूत होगा। 5 सितम्बर 2025 से 31 अक्टूबर तक अभियान चलेगा। इस दौरान डोर-टू-डोर जागरुकता, आवास ऋण मेलों का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनसंपर्क गतिविधियाँ और कैम्प शामिल रहेंगे। आयुक्त ने कहा कि यह अभियान पूरी तरह से जनसहभागिता आधारित है। निगम प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर तक हर पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि शासन के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो।

---

# मुंबई में स्टेमसेल का सफलतापूर्वक डोनेशन



**भिलाई।** मुंबई के फोर्टिस हॉस्पिटल में भिलाई खुशबू अनंत का स्टेम सेल डोनेशन गुरुवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रक्रिया लगभग 4 से 5 घंटे तक चली और पूर्णतः सुरक्षित रही। डोनर को इससे पहले पांच दिनों तक जी सीएसएफ इंजेक्शन दिए गए, जिससे बोन मैरो से स्टेम सेल रक्त प्रवाह में आने लगे। इसके बाद एफ्रेसिस मशीन के माध्यम से खून से स्टेम सेल अलग किए गए। इस पूरी प्रक्रिया में दाता को किसी प्रकार की स्थायी स्वास्थ्य हानि नहीं होती। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इस डोनेशन से बच्चे को लगभग 99% जीवन बचाने की संभावना है। डोनेशन के समय एक और मानवीय पहल सामने आई। उसी दिन फोर्टिस हॉस्पिटल में डेंगू से पीड़ित एक मरीज, जिसका रक्त समूह बी पॉजीटिव था, को तत्काल प्लेटलेट की आवश्यकता थी। इस आपात स्थिति में विकास जायसवाल ने स्वयं प्लेटलेट दान किया। यह उनका 91वां रक्तदान था। इस दान ने न केवल डेंगू मरीज की जान बचाने में सहयोग किया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि रक्तदान और स्टेम सेल डोनेशन दोनों ही जीवनदायी संकल्प हैं।

---

# शहीद शंकर गुहा नियोगी शहादत दिवस पर 28 को निकलेगी रैली और होगी सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने तय किया है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 28 सितंबर को श्रमिक नेता शंकर गुहा नियोगी के शहादत दिवस पर रैली निकाली जाएगी। सभा का आयोजन किया जाएगा।

■ छग मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति ने लिया निर्णय

समिति के प्रतिनिधि कलादास डेहरिया ने बताया कि इसे लेकर बैठक हुई, जिसमें आयोजन की कार्ययोजना तय की गई। वर्ष 1991 में प्रसिद्ध मजदूर नेता शहीद शंकर गुहा नियोगी की हत्या भिलाई के उद्योगपतियों ने साजिश के तहत कर दी थी। यह घटना न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देश भर के श्रमिक एवं किसान आंदोलनों के लिए एक गहरी क्षति थी। आज भी नियोगी जी के अनुयायी उनके विचारों और संघर्ष की विरासत को जीवित रखे हुए हैं। इसी क्रम में प्रतिवर्ष 28 सितंबर को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 28 सितंबर को दुर्ग में शहीद दिवस का आयोजन किया जाएगा। सुबह 12 बजे साइंस कॉलेज ओवरब्रिज के पास सभी मजदूर एकत्रित होंगे। दोपहर 1 बजे से जुलूस निकालकर बस स्टैंड के सामने स्थित कार स्टैंड मैदान तक पहुंचेंगे। इस वर्ष का आयोजन जन संघर्ष-जन आंदोलन की भावना के साथ किया जाएगा। सभा के दौरान राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी ने तय किया कि शहीद नियोगी की विचारधारा के अनुरूप लाल-हरा झंडे की छाया में जनचेतना फैलाने और औद्योगिक मजदूरों के शोषण के विरुद्ध सतत संघर्ष करते रहेंगे।

---

## उपमुख्यमंत्री पहुंचे दुर्ग, बीजेपी कार्यालय में ली बैठक

# 2024-25 में जीएसटी 22.08 लाख करोड़ रुपए रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा गुरुवार की शाम बीजेपी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था अब जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा।



### जीएसटी करदाता 8 साल में हो गए दोगुने

शर्मा ने कहा कि जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। बीड़ी को 18 प्रतिशत के स्लैब में ही रखा गया है। इससे भविष्य में तेंदू पत्ता संग्राहकों को काफी लाभ होगा। जनजातीय क्षेत्र में तेंदू पत्ता जैसे लघु वन्य उत्पादों की मांग अधिक बढ़ेगी, इससे प्रदेश को भी काफी लाभ होगा।

**छत्तीसगढ़ को प्रोत्साहन राशि मद में मिले 6200 करोड़:** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ की आबादी देश की जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम है लेकिन इस मद में हमें 41 प्रतिशत का 3.407 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इस वृद्धि के कारण पिछले 10-11 वर्ष में हमें एक लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त मिले हैं। इस मौके पर विधायक ललित चंद्राकर, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, जितेंद्र वर्मा, सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, चिम्मन देशमुख, जितेंद्र साहू, महापौर अलका बाघमार, सरस्वती बंजारे सहित अन्य मौजूद थे।

---

**// न्यायालय, तहसीलदार, -बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ।।**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.- 202509102700003/ अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक प्रभुदयाल पिता स्व. गंधरण, निवासी ग्राम गाड़ाडीह, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम गाड़ाडीह, प.ह.न.-07, तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 291/1, 352/1 रकबा क्रमशः 0.32, 0.01 कुल खसरा नंबर-02 कुल रकबा 0.33 हे. जो कि प्रभुदयाल पिता गंधरण व अन्य-14 के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एम बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कॉपी, आधारकार्ड, तलवाना सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 19.09.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी
तहसील-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**समक्ष न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03 जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**// नाम परिवर्तन //**

मैं शपथकर्ता महेश केंवट उम्र 34 वर्ष पिता प्रेम शंकर केंवट जाति केंवट निवासी ग्राम ओखरा पो. नारधा तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूँ जो कि शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता कि पुत्री का सही नाम गिताली केंवट (GITALI KEVAT) है व मेरी धर्मपत्नि का सही नाम टुमिन केंवट (TOMIN KEVAT) व मुझ शपथकर्ता स्वयं का सही नाम महेश केंवट (MAHESH KEVAT) है।
3. यह कि मुझ शपथकर्ता कि पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम त्रुटिवश गिताली निषाद उर्फ गिताली केंवट अंग्रेजी वर्तनी (GITALI NISHAD URF GITALI KEVAT) व माता के नाम में टोमिन निषाद उर्फ टोमिन केवट (TOMIN NISHAD URF TOMIN KEVAT) दर्ज हो गया है व पिता के नाम में महेश निषाद उर्फ महेश केवट (MAHESH NISHAD URF MAHESH KEVAT) दर्ज हो गया है जो कि सर्वथा गलत है जिसके कारण मेरी पुत्री का आधार कार्ड बनाने में परेशानी आ रही है।
4. यह कि मुझ शपथकर्ता कि पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज गलत नाम को सुधार कर सही नाम गिताली केंवट (GITALI KEVAT) माता का सही नाम टुमिन केंवट (TOMIN KEVAT) व पिता का सही नाम महेश केंवट (MAHESH KEVAT) दर्ज कराने की आवश्यकता है।
5. यह कि मुझ शपथकर्ता द्वारा अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में ऊपर लिखे अनुसार सही नाम व सही वर्तनी को दर्ज कराने हेतु व गेजेट प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

मुहर

हस्ताक्षर शपथकर्ता

**// न्यायालय, नायब तहसीलदार, -बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ।।**

रा.प्र.क्र.- 202509104400005/ अ-74/वर्ष 2024-25

**।। ईश्तहार ।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदिका आशा निर्मलकर पति सुरेश निर्मलकर साकिन डिपरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा टेकापारा प.ह.न.-03 राजस्व निरीक्षक मण्डल बोरी बुजुर्ग तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि खसरा नंबर 1590/5 रकबा 0.03 हे. आशा निर्मलकर पति सुरेश निर्मलकर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, का रखरखाव के अभाव में गुम हो जाने से शासीकीय कार्य एवं अन्य कार्यों में कठनाईयों होने से द्वितीय प्रति ऋण- पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः द्वितीय प्रति- ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 22.09.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित सम्यावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
बोरी
तहसील-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**//शपथ पत्र//**

मैं शपथकर्ती निशा बेगम ध.प. अब्दुल वकील उम्र 51 वर्ष निवासी अब्दुल वकील हाउस नं. 47/29 वार्ड नं. 26 बी.एस.यू.पी हाउसिंग बोर्ड बस्ती रद्यू सर्दह (सरधु) रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि

1. यह कि, मैं उपरोक्त वर्णित पते की निवासी हूँ।
2. यह कि, ग्राम सावनी प.ह.नं. 17 तह. पाटन जिला दुर्ग में सामिलात कृषि भूमि ख.नं. 1120 रकबा 0.48 हे. स्थित है जिसमे बतौर नाम लक्ष्मण, विजय, कुमारी, पिता पचकौड़ एवं गोर्वधन आडिल, रानी बेन, पिता संत कुमार का नाम दर्ज है।
3. यह कि, मुझ शपथकर्ती का नाम राजस्व अभिलेख पर कुमारी पिता पचकौड़ है एवं विवाह पश्चात मेरे आधार कार्ड पर निशा बेगम ध.प. अब्दुल वकील है अर्थात दोनो नाम मेरे स्वयं का है।
4. यह कि, कुमारी एवं निशा बेगम मेरे स्वयं का नाम है अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है।
5. यह कि मेरे नाम बाबत किसी भी प्रकार का विवाद होगा तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र कथन की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 09.09.2025 को स्थान पाटन में जाकर व समझकर अपना हस्ताक्षर कर दिया।

सत्यापनकर्ती
निशा बेगम

## खबर संक्षेप



### छोटे बच्चों से पानी भरवाया गया, आरोप

**पाटन।** पाटन नगर पचायत के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोपरा में स्कूल प्रबंधन द्वारा छोटे-छोटे बच्चों से पानी भरवाने का आरोप लगा है। पालकों का कहना है कि पूरे स्कूल को झाड़ू से साफ करवाया जा रहा था और सेप्टिक में भी बच्चो द्वारा पानी भरवाने का काम रोजाना करवाया जाता है। प्रधान पाठक ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी पाटन प्रदीप महिलांगे ने कहा है कि जांच करवाई जाएगी और दोषी पाये जाने पर कार्रवाई भी होगी।

### एड्स के कारण और बचाव की दी जानकारी



**उतई।** ग्राम खम्हरिया हनोदा में आई सी कैंपेन के तहत सभी लोगों को एचआईवी एड्स फैलने के चार कारण एवं बचाव एवं गुप्त रोग के कारण लक्षण बचाव की जानकारी दी गई। लिंक वर्कर स्कीम प्रतिज्ञा विकास संस्थान द्वारा लगातार इस दिशा में 12 वर्षों से कार्य किया जा रहा है। संस्था के पीडी आर ,एस मिश्रा ,डी आरपी विनय द्विवेदी जोनल सुपरवाइजर ममता बंजारे तथा लिंक वर्कर भानु प्रताप सोनवानी लगातार जागरुकता के लिए प्रयासरत है ।

### निकुम में बन रहा भव्य हनुमान मंदिर



**निकुम।** प्राचीन श्री सिद्ध पीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मंगलवार बाजार चौक में भव्य व आकर्षक बनेगा। ग्रामीण जनसहयोग से निर्म्राण करा रहे हैं। नए स्वरूप में रामलला दरबार, राधा कृष्ण, मां दुर्गा और शिवलिंग सहित देवी देवता विराजित होंगे। अंचल में मंदिर की महिमा मंडित है, वानर स्वरूप में विराजित हनुमान के दर्शन से भक्तों की मनोकामना पूरी होने से मंदिर में भीड़ जुटती है। पूर्णिमा व विशेष पर्व पर सत्य नारायण की पूजा अर्चना होती हैं। सामूहिक हनुमान चालीसा सहित भंडारा होता है। ग्रामीणों की माने तो दर्शन करने से ही संकट मोचन सकंट हर लेते है, वही लाखों की लागत से मंदिर बन रहा है।

## निधन

### कौशिल्या देवांगन

**भिलाई।** ग्राम नगपुरा निवासी कौशिल्या देवांगन 79 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे गांव के वरिष्ठ नागरिक भुवन लाल देवांगन की पत्नी, वीना देवांगन, जयंती देवांगन एवं डॉ. स्वामीदेवश, भूपेंद्र देवांगन की मां और डॉ.भावना देवांगन की सास थीं।



# पाम ऑयल की उन्नत तकनीक सीखेंगे छत्तीसगढ़ में, होगा अनुसंधान भी

**महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय और प्री यूनिक एशिया का ऑयल पाम पर एमओयू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग और प्री यूनिक एशिया प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ऑयल पाम की उन्नत तकनीक, अनुसंधान, पौध तैयार करने और किसानों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एमओयू पर हस्ताक्षर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के निदेशक (अनुसंधान सेवाएं) डॉ. जितेंद्र सिंह और प्री यूनिक एशिया प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर संजीव कुमार गाईन ने किए। इस चार वर्षीय सहयोग समझौते के तहत दोनों संस्थाएं संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, नर्सरी विकास, उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन, कौशल विकास कार्यक्रम, एक्सटेंशन सेवाएं और ऑयल पाम तथा अंतरफसलों की उन्नत खेती के पैकेज पर मिलकर काम करेंगी। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों को अत्याधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और बाजार तक बेहतर पहुंच प्राप्त होगी।



इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, यह साझेदारी विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रयासों को उद्योग की व्यावहारिक जानकारी और विशेषज्ञता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इससे हमारे छात्रों और किसानों दोनों को लाभ होगा।

प्री यूनिक एशिया के जनरल मैनेजर संजीव कुमार गाईन ने कहा, यह समझौता ऑयल पाम क्षेत्र में टिकाऊ विकास और किसान उन्मुख पहलों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम विश्वविद्यालय की अकादमिक शक्ति के साथ मिलकर ऐसी परियोजनाएं चलाएंगे जिससे किसानों की आय में वास्तविक वृद्धि होगी।₹ इस अवसर पर प्रो. आर. आर. सक्सेना कुलपति, आर. एल. खरे कुलसचिव, डॉ. राजेश्वरी साहू ओएसडी कुलपति कार्यालय, सी. अनिल कुमार प्रबंध निदेशक, सत्यनारायण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. प्रसाद राव पासम डायरेक्टर, राकेश कोप्पुला मुख्य परिचालन अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 31 लोगों के दुकानों और मकानों के विरुद्ध रेलवे की कार्रवाई

# 50 वर्षों से रेलवे की जमीन पर काबिज अवैध कब्जाधारियों पर चला बुलडोजर

**जेसीबी से तोड़ी गई मकान और दुकानें, किसी ने भी नहीं किया विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

रेलवे प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 12 एवं 11 में स्थित नेशनल हाईवे से रेलवे स्टेशन कुम्हारी जाने वाले मार्ग पर लगभग 50 वर्षों से अवैध कब्जा कर सड़क के दोनों ओर बसे कब्जाधारियों के विरुद्ध गुरुवार को कार्रवाई की।

यहां बनें अवैध मकानों और दुकानों को ढहा दिया गया। इस कार्रवाई में रेलवे प्रशासन के उच्च अधिकारियों के अलावा भिलाई तीन तहसीलदार, नगर पालिका कुम्हारी राजस्व निरीक्षक एवं बड़ी संख्या में आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के जवान मौजूद रहे। स्टेशन रोड के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण हेतु विगत कई वर्षों से इन कब्जाधारियों को रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस दी जाती रही है इसके वावजूद कब्जाधारियों के द्वारा इसे खाली नही किया गया। इसे लेकर स्थानीय कुम्हारी नगर विकास मंच के पदाधिकारियों द्वारा डीआरएम से मुलाकात कर इसपर कार्यवाही हेतु पत्र दिया गया था। इसके पश्चात रेलवे द्वारा पुनः कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया एवं गुरुवार को 31 कब्जाधारियों को चिन्हाकित कर उनके द्वारा बनाये मकानों एवं दुकानों को रेलवे प्रशासन द्वारा तोड़ दिया गया। कार्रवाई का किसी भी व्यापारी ने विरोध नहीं किया। व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी अपनी दुकानों से सामान हटा लिए इसके पश्चात ही अवैध निर्माण को तोड़ा गया। सुबह 10 बजे से शुरू की गई कार्रवाई देर शाम तक चली इस कार्रवाई में लोगों के द्वारा बनाये मकान, दुकान एवं चबूतरा तथा लोहे और टीन से बनाये शेड सभी को तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई में रेलवे से असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर भिलाई, एडीईएन असाठी, एसएसई नायक तहसीलदार भिलाई तीन रवि विश्वकर्मा, नगर पालिका राजस्व निरीक्षक नितिन श्रीवास सहित बड़ी संख्या में आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।



### नोटिस का जवाब नहीं, इसलिए कार्रवाई

“ यह क्षेत्र कुम्हारी रेलवे स्टेशन आने जाने का मुख्यमार्ग है काफी पुराने समय से ये लोग कब्जा किये हुए थे रेलवे को इन कब्जाधारियों से काफी परेशानी हो रही थी वहीं कई लोगों की इस विषय पर शिकायत भी की गई थी। जिनके बाद इन लोगों को रेलवे द्वारा कई बार नोटिस भी दिया गया लेकिन संतोषजनक जवाब नही दिया गया कब्जा भी खाली नही किये गए रेलवे के आदेश के बाद आज कब्जा खाली करने की कार्रवाई की गई।

**एडीईएन असाठी,** असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर भिलाई

## राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त डॉ. प्रज्ञा के समर्पण को सराहा पूर्व गृहमंत्री ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त डॉ. प्रज्ञा सिंह के योगदान की सराहना की है। डॉ. प्रज्ञा से मिलकर शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान आपकी मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। श्री साहू ने आगे कहा की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत समर्पण और परिश्रम का परिणाम है, बल्कि समूचे छतीसगढ़ के शिक्षा जगत की उपलब्धि है। यह हम सभी को प्रेरणा देती है कि निरंतर प्रयास, कठोर परिश्रम और सेवा भाव से किस प्रकार नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। श्री साहू ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि श्रीमती डॉ. प्रज्ञा सिंह की इस उपलब्धि ने निश्चित रूप से छतीसगढ़ सहित जिला दुर्ग के माध्यमिक शाला हनोदा और पूरे समुदाय को गौरवान्वित किया है। उनका नवाचारी और प्रभावी शिक्षा कार्य न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए भी प्रेरणादायक रहेगा।

### आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा शिविर आज

**उतई।** जिला अस्पताल के आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी और योग चिकित्सक द्वारा 12 सितंबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आयुष चिकित्सक डा. प्रेमलाल पटेल बी एन वैश्य के उतई स्थित आरोग्यवेदा संस्थान परिसर में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित है। शिविर में मरीजों को हर रोगों का निःशुल्क परामर्श के साथ जरूरतमंदों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी की दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा।

## आत्महत्या से जुड़े मुद्दों को समझा युवाओं ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

■ विश्व आत्महत्या निवारण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

विश्व आत्महत्या निवारण दिवस के अवसर पर प्रिज्म प्रा. आईटीआई महका खुर्द, उतई में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 10 सितंबर को किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आत्महत्या जैसे गंभीर सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे को समझना तथा इसके प्रति छात्रों एवं स्टाफ को संवेदनशील बनाना था। इस कार्यक्रम में आई.टी.आई. के प्राचार्य ललित कुमार साहू, बी.एड. विभाग की डॉ. अंजना शरद ,रेखा और स्वप्निल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत शिवानी द्वारा प्रस्तुत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन से हुई, जिसमें उन्होंने आत्महत्या से जुड़ी प्रमुख मानसिक स्थितियाँ जैसे डिप्रेशन, अकेलापन, सामाजिक दबाव और चिंता को विस्तार से समझाया। उन्होंने आत्महत्या के चेतावनी संकेतों को पहचानने, सही समय पर सहायता प्राप्त करने और परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया। अपने उद्बोधन में निधि यदु ने युवाओं के मानसिक संघर्षों को उजागर किया। डॉक्टर अंजना शरद ने मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण बताया। स्वप्निल जना ने आत्महत्या को एक स्थायी समाधान के रूप में नहीं देखने चेतावनी दी।



### रजत जयंती वर्ष में जुटे पूर्व विद्यार्थी, सुनाए अपने अनुभव

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के अवसर पर एल्युमिनी मीट का आयोजन किया। जिसमें 2010 से लेकर 2024 तक के भूतपूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। इन विद्यार्थियों ने अपने अनुभव को वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ साझा किए। ग्राम सरपंच खुमान निषाद और शौर्य युवा संगठन के अध्यक्ष फलेन्द्र पटेल ने अपने अनुभव बांटे। वरिष्ठ व्याख्यता भवानी सिंह देशमुख एवं अन्य सभी शिक्षकों ने भूतपूर्व छात्रों को सम्बोधित किया। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती पर प्राचार्य नीलमणि उजवने के मार्गदर्शन में प्रदर्शनी निबंध लेखन, ए आई साक्षरता और सामूहिक पुस्तक वाचन जैसे कार्यक्रम हुए। संचालन डॉ सरोज साहू ने किया। इस अवसर पर व्याख्यता शीला चंद्रा, डॉक्टर रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, दानेश्वरी सिन्हा, वेदिका साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार, प्रीति सलाम, समीर भेलवा ,वीरेंद्र गजपाल, टी एन साहू और सुनील दड़सेना उपस्थित थे । सभी ने छत्तीसगढ़ को पूर्णरूप से विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपा मंडल की बैठक, बांटी गई जवाबदारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व जिले के निर्देशानुसार कुम्हारी मंडल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम हेतु बैठक आहूत की गई । इस बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष महिला मोर्चा जिला दुर्ग ,सेवा पखवाड़ा कुम्हारी मंडल बैठक की प्रभारी दिव्या कलिहारी उपस्थित रही। बैठक में स्वागत भाषण धर्मेंद्र सिन्हा मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी ने दिया। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी श्रीमती मीना वर्मा ने भी अपना उदबोधन दिया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता योगेश साहू ,रामाधार शर्मा रामकुमार सोनी, महामंत्री नारायण सोनकर ,फिंगेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सेवा पखवाड़ा सदस्य सुनीता कुर्रे, इंदिरा कोसरिया उपाध्यक्ष, मंडल मंत्री गीता निर्मलकर , मंडल मंत्री सरस्वती डाडे, मंडल मंत्री सुजीत यादव, वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद एवं पी आई सी सदस्य डिकेश पटेल, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद एवं पी आई सी सदस्य उमाकांत साहू, लोकेश साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 23, राजू निषाद पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद प्रतिनिधि, ओमकार मारकंडे पार्षद वार्ड क्रमांक 21, युवा मोर्चा के सुमित द्विवेदी, मिथिलेश यादव, योगिता वर्मा, महिला मोर्चा की तृप्ति चंद्राकर, पूर्व पार्षद रागिनी निषाद, मंडल कार्यालय मंत्री राम प्रकाश गुप्ता, शकुन खैरवार, नीलम बंजारे, जूली सिंह, साधना स्वर्णकार, जया, पिंकी, जूही चंद्राकर, दीलेशवर मार्कण्डेय एवं होमेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे।



### सेवा पखवाड़ा में मोदी का विज़न घर-घर पहुँचाने लिया संकल्प

**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल, जिला दुर्ग द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन आज रेस्ट हाउस पाटन में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर ने की। मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंदर खुराना ने कहा कि "सेवा ही संगठन" का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विज़न जन-जन तक पहुँचाना ही हम सबका संकल्प है। कार्यशाला में यह निर्णय लिया गया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पाटन मंडल में सेवा, संगठन और संस्कार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक अतीस सपहा एवं मंडल सदस्यों गोरेलाल श्रीवास, किरण बंछोर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, खेमलाल, मिलन देवांगन, हेमलता पटेल, अनिका वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत बठेना, रोशनी मिश्रा, विजय बंछोर सोशल मीडिया प्रभारी आदि मौजूद थे।



## बिजनेस साइट

# उदय महाविद्यालय में मनाई रजत जयंती

**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन 8 सितंबर से 10 सितंबर तक किया गया। वहीं 8 सितंबर को नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर, रंगोली ग्रुप डिस्कशन में छात्राध्यापकों ने छत्तीसगढ़ के कला संस्कृति, पर्यावरण पर आकर्षण पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता, जागरुकता रैली निकाली गई एवं छत्तीसगढ़ शिक्षा पद्धति एवं रोजगार थीम पर वाद-विवाद महाविद्यालय में करवाया गया। 9 सितंबर को 25 वर्षों की विकास गाथा के आधार पर छत्तीसगढ़ एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी छायाचित्र की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत किया गया जिसमें सुनिता चैन्नेवार उपाध्यक्ष, नगर पालिका, जामुल उदय महाविद्यालय संचालक डॉ. टीआर साहू, प्राचार्य डॉ. अलिपा साहू की अध्यक्षता में सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में छत्तीसगढ़ का इतिहास, छत्तीसगढ़ योजनाएं औद्योगिक विकास कला संस्कृति छग, खान-पान, पर्यावरण एवं अमूल्य ससांधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। 10 सितंबर को पूर्व विद्यार्थियों का एल्युमनी मीट का आयोजन किया गया। पांच सालों के एल्युमनी को आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं छग महतारी छायाचित्र की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। शिक्षकों का एवं पूर्व छात्राध्यापकों का बेच एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया वर्तमान छात्राध्यापकों द्वारा पूर्व छात्राध्यापकों के लिए नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किये, खेल प्रतियोगिता एवं रेम्पवॉक रखा गया, एल्युमनी छात्राध्यापकों द्वारा अपनी अनुभव को बताया गया। कार्यक्रम में उदय महाविद्यालय के संचालक डॉ. टीआर साहू, प्राचार्य डॉ. अलिपा साहू एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

**शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में आयोजन**

# रजत जयंती वर्ष में निकाली रैली, बताई शासन की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष के स्वर्णिम सफर को रजत जयंती के रूप में मनाया । महाविद्यालय में दो दिवसीय रजत जयंती कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा शिखा अग्रवाल के मार्गदर्शन में पहले दिन का कार्यक्रम हुआ। विशिष्ट अतिथि भरर सरपंच कौशल्या साहू और पूर्व सरपंच छबि लाल साहू ने अपनी उपस्थिति दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के सफर को लघु फिल्म के रूप मे दिखाया गया और राज्य स्थापना के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। ग्राम भरर की सरपंच कौशल्या साहू ने महिला शिक्षा के साथ राज्य उन्नति के संकल्प को समझाया।




महाविद्यालय की छात्राओं ने मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ तथा छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर अपने विचार रखे। उद्घाटन सत्र के बाद प्रिज्म ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के द्वारा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रिज्म ग्रुप के प्लेसमेंट अधिकारी के रूप में कंचन गांगुली, आशीष साहू और जागेश्वर साहू की टीम उपस्थित रही। वहीं प्रश्नोत्तरी एवं क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें क्विज मास्टर मनोज यादव थे। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ अरुणेंद्र तिवारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नरेश धर दीवान ने किया।

दूसरे दिन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राज्य की विभिन्न योजनाओं को जनता तक पहुंचाने विशाल रैली का आयोजन किया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड क्रॉस के विभिन्न विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । इसी क्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं का प्रथम एल्यूमिनी मीट आयोजित किया गया। पूर्व विद्यार्थी वेद प्रकाश साहू ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ नरेश धर दीवान, डॉ आबिद हसन खान, ऐश्वर्य ठाकुर , डॉ संतोष पांडे, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, डॉ लता मारकंडे, प्रियम वैष्णव, मेज राम जोशी, पूरणमल शर्मा, गिरीश देशपांडे, आरडी भू आर्य, उमेश, कमलेश विश्वकर्मा और रानी चांदनी सहित सभी का योगदान रहा। विद्यार्थियों ने वेदप्रकाश, थानेश्वर, जिनेश, प्रवीण, नमन, हितेश आदि का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह आज

**भिलाई।** मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह शुक्रवार को बीआईटी सभागार दुर्ग में दोपहर एक बजे आयोजित किया गया है। समारोह में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यअतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री छग गजेन्द्र यादव होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग हेमंत उपाध्याय ने बताया कि विशेष अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक साजा ईश्वरी साहू, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पाटन विधायक भूपेश बघेल, विधायक भिलाई देवेन्द्र यादव, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, महापौर दुर्ग अल्का बाघमार, महापौर भिलाई नीरज पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा उपस्थित रहेंगे।

### महापौर शशि ने नगरीय निकाय मंत्री से मांगी पार्षद निधि



**भिलाई।** उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने न केवल पार्षद निधि की राशि बल्कि विकास के लिए राशि की मांग की है। महापौर अपने परिषद के सदस्यों के साथ नवा रायपुर पहुंची मंत्री आवास पहुंची थी। वहां उन्होंने नवगठित रिसाली के विकास के लिए मांग पत्र भी सौंपा। महापौर शशि ने निकाय क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग करने की बात उप मुख्यमंत्री से की। महापौर शशि ने वित्तीय वर्ष 24-25 के महापौर निधि शत प्रतिशत राशि व समस्त पार्षदगणों के पार्षद निधि के 50 प्रतिशत राशि प्रदान किए जाने का अनुरोध भी की। उनका कहना था कि राशि से जनहित के अति आवश्यक विकास कार्य किया जा सकेंगे। उन्होंने रिसाली निगम के लिए 2 नग शव वाहन, 2 नग चलित शौचालय क्रय कर प्रदान करने का अनुरोध उप मुख्यमंत्री से की है। इस दौरान एम.आई.सी, अनिल देशमुख, जाहिर अब्बास, संजू नेताम, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव पार्षद विनय नेताम उपस्थित थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने दो दिन में बिना हेलमेट काटे 250 चालान, दी समझाइश

## हेलमेट लगाने के साथ ही ट्रैफिक नियम का पालन करने की दी जा रही समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा के तहत सड़क सुरक्षा को देखते हुए दुर्ग ट्रैफिक पुलिस बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने दो दिन के भीतर बिना हेलमेट गाड़ी चलाते पाए जाने पर 250 चालान काटकर 1 लाख 12 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चालकर चालानी कार्रवाई कर रही है। उनके द्वारा मात्र दो दिन के भीतर 9 और 10 सितंबर को 250 चालान काटे गए हैं। इनके 1,12,000 रुपयए का समन शुल्क वसूल किया गया है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार "नो हेलमेट नो पेट्रोल" आदेश के बाद की जा रही है।

एएसपी ने कहा कि ऑपरेशन सुरक्षा का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्यवाही नहीं है, बल्कि नागरिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना और दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को रोकना है। इस सतत प्रयास के परिणामस्वरूप जिले में लोगों में हेलमेट उपयोग को लेकर जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग जिले के नागरिकों से अपील करती है कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं एवं पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। आपका छोटा सा कदम न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि परिवार और समाज को भी सुरक्षित रखेगा।



### सेंट्रल एवेन्यू रोड कंपलसरी हेलमेट वेयरिंग जोन घोषित

लोग हेलमेट का उपयोग अधिक से अधिक करें। इसके लिए कलेक्टर ने टाउनशिप से निकलने वाली सेंट्रल एवेन्यू रोड को कंपलसरी हेलमेट वेयरिंग जोन घोषित किया है। यह सड़क मुरगा चौक (इक्यूपमेंट चौक) से लेकर सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक बनी है। इसे 'ग्रे स्पॉट' के रूप में भी चिन्हित किया गया है।

### पेट्रोल पंप संचालकों को भी दी जा रही चेतावनी



ट्रैफिक पुलिस विशेष टीम गठित कर सेंट्रल एवेन्यू रोड के साथ पूरे जिले में नियमित अभियान चला रही है। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस दुर्ग जिले के सभी पेट्रोल पंपों के प्रबंधकों एवं संचालकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर करके उन्हें समझाइश और निर्देश दे रही है कि बिना हेलमेट पहुंचे वाहन चालकों को पेट्रोल ना दिया जाए। इसकी निगरानी भी की जा रही है।

## नेहरु भवन सालभर व कलामंदिर हफ्तेभर से संधारण के लिए बंद

# टाउनशिप के तीनों सबसे बड़े ऑडिटोरियम बंद, कहां हों सांस्कृतिक-सामाजिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

*टाउनशिप में स्थित शहर के सबसे बड़े बीएसपी के आडिटोरियमों के बंद होने से आयोजनों को लेकर सांस्कृतिक संगठनों और कलाकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के मौसम में कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। कलाकारों ने बीएसपी प्रबंधन से सभागारों को जल्द संधारण कर खुलवाने की मांग की है।*

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 1 में स्थित नेहरु सांस्कृतिक भवन सबसे पुराना व सबसे बड़ा आडोटोरियम है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर सिविक सेंटर में महात्मा गांधी कलामंदिर सुविधायुक्त सभागार है।

इसके अलावा सिविक सेंटर में भी टाउनशिप के एकमात्र सबसे बड़ा खुला सभागार ओपन एयर थिएटर है। संयोग से इन दिनों इन तीनों ही सभागारों के बंद होने से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर सांस्कृतिक संगठनों को परेशानी हो रही है। कलामंदिर को बीएसपी द्वारा पिछले हफ्तेभर से मेंटेनेंस के लिए बंद किया गया है और रिपेयर आदि साज साज सज्जा का काम चल रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेंस पूर्ण होते ही इसे फिर से खोल दिया जाएगा। लेकिन नेहरु सांस्कृतिक सदन पिछले करीब एक साल से बंद पड़ा है। कलाकारों ने बताया कि नेहरु हाउस को संधारण के लिए बंद किया जाना बताते हुए नगर सेवा विभाग ने ताला जड़ दिया है। रिपेयर का काम अब तक शुरु नहीं हुआ है। आठ सौ सीटर भवन के बंद होने से कला, संगीत और नाट्य आयोजनों के लिए भटकना पड़ रहा है। कई संगठनों ने इसके चलते अपने कुछ आयोजन स्थगित कर दिए या फिर इप्टा जैसे कुछ ग्रुप बाहर कैंपस में आयोजित करने मजबूर हुए। कलाकारों ने बताया कि तीनों आडिटोरियम बंद होने से बारिश में दिक्कत हो रही है।



### सिविक सेंटर ओपन एयर थिएटर भी वीरान

सिविक सेंटर में ओपन एयर थिएटर सभागार भी पिछले कई साल से वीरान पड़ा हुआ है। उपेक्षित होने से यह टूटफूट के साथ अराजक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है। इसके वीरान होने से भी यहां बीएसपी के सांस्कृति आयोजनों से सहित विभिन्न संगठनों के सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक आदि कार्यक्रम नहीं हो पा रहा है। संगठनों को आयोजनों के लिए भटकना पड़ रहा है। कलाकारों ने बताया कि साठ साल पुराना यह आडिटोरियम खुला होने से सभी के लिए उपयोगती था। लेकिन उपेक्षा से यहां स्टेज की छत टूट चुकी है और मेकअप रुम में कबाड़ भरा है और लोहे की बेचों की दर्शक दीर्घा के चारों व चारों ओर परिसर में गाजर घास आदि खरपतवार सहित भारी गंदगी फैली है। चौपाटी का गंदा पानी भी यहां जमा हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां दस साल पूर्व तक राष्ट्रीय नेताओं की चुनावी सभाएं भी होती थीं। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी, वीपि सिंह व सोनिया गांधी आदि कई राजनेताओं की सभाएं हो चुकी है। बीएसपी का हर साल अभा कवि सम्मेलन व गणतंत्र दिवस पर आर्केस्ट्र भी यहीं होता था।

### 50 साल पुराना भवन रहा अनूठा

सेक्टर 1 नेहरु हाउस 50 साल से अधिक पुराना ही नहीं बल्कि प्रदेश का अनूठा भवन रहा है। रशियन कलाकारों सहित बालीवुड के फनकारों के आदि सैकड़ों यादगार आयोजन देने वाले यहां के रिवाल्विंग स्टेज और दोनों ओर परदा उठने का आटोमेटिक सिस्टम और साउंड सिस्टम प्रदेश में कहीं नहीं था। कलाकारों के मुताबिक करीब 5 साल पूर्व रिपेयर के दौरान स्टेज का समतलीकरण करने के लिए आकर्षक वुडन रिवाल्विंग पटों को हटा दिया गया और दीवारों पर लगे प्लाई व सनमाइका आदि के भी निकलने से नाट्यमंचन व संगीत के दौरान आवाज इको होती रहती है। नेहरु भवन में बालीवुड कलाकार बैजयंती माला, गुलाम अली, पीनाज मसानी, रजा मुराद आदि कई कलाकारों के आयोजन हो चुके हैं। यहां बीएसपी बहुभाषीय नाट्य स्पर्धा व इप्टा का बाल नाट्य शिविर सहित कई संस्थाओं के आयोजन होते रहते हैं। यहां पूर्व पीएम राजीव गांधी भी आ चुके हैं। अलावा बीएसपी नेहरु पुरस्कार समारोह व भिलाई महिला समाज का स्थापना दिवस समारोह समेत विभिन्न संगठनों के विविध आयोजन होते हैं। कलाकारों ने नेहरु हाउस को जल्द आज की जरुरत के अनुरुप सुविधायुक्त संधारित कर जल्द खोलने की मांग बीएसपी से की है।

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल 25 वें दिन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छ. ग प्रदेश एन.एच.एम कर्मचारी संघ के बैनर तले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की

- आज राजधानी में बनेगी आंदोलन तेज करने की रणनीति

अनिश्चितकालिन हड़ताल गुरुवार 25 वे दिन भी जारी रहा। रायपुर में शुक्रवार को संघ के 33 जिलो के जिलाध्यक्षो सहित नेतृत्वकर्ताओ की बैठक प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमे आगे की रणनीति पर फैसला होगा। पिछले 18 अगस्त से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की हड़ताल लगातार जारी है।

### महाराष्ट्र में एनएचएम कर्मियों की मांगें पूरी

एनएचएम कर्मी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि महाराष्ट्र में भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कि हड़ताल विगत 23 दिन से चल रही थी,जिनकी मांगों पर वहां की सरकार ने सहमति जताई और हड़ताल स्थगित की गई है। हड़ताल को समर्थन देने पूरे प्रदेश के सभी विभाग के संविदा कर्मचारी रहेंगे सामूहिक अवकाश पर हड़ताल में शामिल होंगे।

### आश्वासन नहीं, आदेश चाहिए

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी ने कहा कि पिछले 20 सालों से हम आश्वासन पर हड़ताल स्थगित करते रहे है,संविदा अवधि एक साल 2 साल का समझ आता है 20 -20 साल का नही, इसी लिए हम इस पर आदेश निकलने तक हड़ताल को जारी रखेंगे। आश्वासन नही आदेश चाहिए, संविदा मुक्त प्रदेश चाहिए का नारा प्रशस्त करने लगातार प्रयास जारी है। सरकार से निवेदन करते है जैसे महाराष्ट्र सरकार ने कर्मचारी हित में फैसला लिया यहां की सरकार भी फैसला जल्दी करे।

# पुलिस ने चिट्टा के साथ आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशाली नगर पुलिस ने 77 हजार रुपए की 7.1 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपियों को पकड़ा है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वैशाली नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 9 सितंबर को उन्हें मुखबीर से सूचना मिली थी कि समीर जयसवाल और वैभव सोनी शिव मंदिर के पास जवाहर नगर शादी भवन के पास अवैध रूप से चिट्टा (हेरोइन) बेच रहे हैं। तुरंत पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मुखबीर के बताये हुलिया वाले व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी भागने लगा। पुलिस की टीम ने घेराबंदी करके दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम वैभव सोनी (24 वर्ष) निवासी एचआईजी-1 2853 काली बाड़ी के पास जामुल और समीर जयसवाल उर्फ मुल्लु (24 वर्ष) निवासी उत्तम टाकिज के पास सड़क नम्बर 3 थाना छावनी बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 7.01 ग्राम मादक पदार्थ चिट्टा किमती 77,000 रुपए, बिक्री रकम 3000 रुपए, 3 नग मोबाईल किमती 30,000 रुपए सहित कुल 1,10,000 रुपए का माल जब्त किया। आरोपियों को पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया।



### रूट पद्मनाभपुर थाने से हुआ फरार

जिस रूट नाम के आरोपी से वैभव सोनी ने चिट्टा खरीदा है वो बड़ा ड्रग पैडलर है। उसे पुलिस ने 10 सितंबर को गिरफ्तार किया, लेकिन पद्मनाभपुर थाने के अंदर से पुलिस को चकमा देकर वो निकला और अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

### नशा करने और बेचने का आदतन आरोपी है युवक

पुलिस ने जिस वैभव सोनी और समीर को गिरफ्तार किया है वो हेरोइन पीने का आदतन नशेड़ी है। वो कई बार चिट्टा के साथ उसका सेवन करते और बेचते पकड़ा जा चुका है। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि 5 दिन पहले 10 ग्राम चिट्टा किमती 50,000 रुपये के हिसाब से गुरजीत सिंह उर्फ रूट निवासी 18 नंबर रोड़ भिलाई से खरीदा था। इसके बाद एक रुपए पुड़िया के हिसाब से उसने उसे लोगों को बेचा है।

## सट्टा खिलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सिटी कोतवाली पुलिस दुर्ग ने सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को रंगे हाथ सट्टा खिलवाते हुए गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक सार्वजनिक स्थान पर जुआ खिलवाने का काम कर रहा है। कोतवाली पुलिस की टीम ने 11 सितंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम बनाकर पोलसायपारा में सलीम बिरयानी दुर्ग के पास छापा मारा। वहां सट्टा पट्टी का अवैध कार्य एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम फिरोज अली (45 साल) निवासी ताकियापारा जिला दुर्ग बताया। आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी विभिन्न अंको में लिखा हुआ, एक डाट पेन, नगदी रकम 2,760 रुपए जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधि.2022 की धारा 06(ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# आर्मी जवान से बदसलूकी, 2 पुलिस कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- दुर्ग के मचांदुर में भगवा झंडा लगाने को लेकर हुआ था विवाद

बीते दिनों दुर्ग जिले के मचांदुर गांव में भगवा झंडा लगाने को लेकर उतई थाने के दो जवानों की अग्निवीर (आर्मी वाले) से बहस हुई थी। पुलिस कर्मी ने आरोप लगाया कि आर्मी वाला शराब के नशे में था और उनसे बहस कर रहा था। जबकि घटना स्थल का जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है उसमें उतई थाने के प्रधान आरक्षक और आरक्षक अग्निवीर से गाली गलौज और बड़ी धाराओं में फंसा देने की धमकी देते दिख रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद दुर्ग पुलिस की काफी थू-थू हुई लोगों ने गंदे गंदे कमेंट किए। घटना के समय विवाद बढ़ने पर एडिशन एसपी अभिषेक झा ने खुद मामले की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने जवान की गलती पाई। इसके बाद एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे। जांच में पाया गया कि मचांदुर गांव में अग्नि-वीर जवान कौशल निषाद के घर पर 3 सितंबर की रात भगवा ध्वज लगाने को लेकर पुलिस से विवाद हुआ था। मचांदूर चौकी क्षेत्र में विवाद के दौरान ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर एसएसपी ने दोनो पुलिसकर्मियों आरक्षक 1449 महेश देवांगन और आरक्षक 623 रामकृष्ण दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस लाइन में अटैच किया गया है।



### क्या है पूरा मामला

मामला उतई थाना क्षेत्र के मचांदुर गांव का है। गांव का रहने वाला कौशल निषाद अग्नि-वीर जवान है। कौशल अपने घर की छत पर 3 सितंबर को भगवा झंडा लगा रहा था। इसे लेकर दूसरे धर्म के लोगों ने इसका विरोध किया था। मामले की शिकायत मचांदुर चौकी में की तो वहां से दो पुलिसकर्मी एक वर्दी और दूसरा सिविल ड्रस में पहुंचे और जवान को भगवा झंडा लगाने से मना करने लगे। जवान इसको लेकर पुलिस वालों से बहस करने लगा कि वो अपने घर में भगवा झंडा क्यों नहीं लगा सकता और वो लोग कौन होते हैं उसे रोकने वाले। इतना कहना था कि पुलिस कर्मियों ने जवान से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने उसकी कालर पकड़ी और थाने ले जाकर पिटाई करने और बड़ी धारा में फंसाने की धमकी दी। ये वीडियो जब वायरल हुआ तो दुर्ग एसएसपी ने दोनों को सस्पेंड किया है। इस मामले की जानकारी होने पर छत्तीसगढ़ बजरंग दल के लोगों इसका विरोध किया और एसएसपी दुर्ग को ज्ञापन भी दिया था।

## अध्यक्ष पद के लिए बंछोर व कुल्मी में सीधी टक्कर

# ओए चुनाव की बढ़ी सरगरमी, टाउनशिप व प्लांट की खाक छान रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन (ओए) चुनाव के लिए सियासी सरगरमी बढ़ गई है। मतदान की तारीख नजदीक आते ही अध्यक्ष के प्रत्याशियों सहित विभिन्न पदों के उम्मीदवारों ने सदस्य अधिकारियों से संपर्क तेज कर दिया है। अल सुबह से देर रात तक उम्मीदवार जीत के लिए प्लांट और टाउनशिप की खाक छान रहे हैं।

ओए की 2025-27 के लिए 19 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए अब प्रचार मुहिम जोर पकड़ने लगी है। अघोषित पैनल के प्रत्याशी और स्वतंत्र उम्मीदवार समर्थकों के साथ वर्क्स और नान वर्क्स एरिया में सदस्यों यानी बीएसपी अधिकारियों से मिलककर जिताने की अपील कर रहे हैं।



चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 4 बार के अध्यक्ष रहे महाप्रबंधक नरेंद्र कुमार बंछोर और जेड आर रह चुके उप महाप्रबंधक मुकेश कुल्मी किस्मत आजमा रहे हैं। महासचिव के लिए कोषाध्यक्ष रहे एजीएम अंकुर मिश्रा, एजीएम तुषार सिंह टिकरिहा और डीजीएम सुधीर बालचंदानी रामटेके, एजीएम विजय कुमार सैनी व अजय कुमार चौरसिया चुनाव मैदान में हैं। अध्यक्ष की तरह कोषाध्यक्ष के लिए भी सीनियर मैनेजर सौभाग्य रंजन साहू और एजीएम अभिषेक कोचर के बीच सीधा मुकाबला है। इसके अलावा जोन प्रतिनिधि के लिए 42 प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रमुख पदों के अधिकतर प्रत्याशियों के पैनल बनाकर और कुछ के स्वतंत्र रुप से चुनाव लड़ने की चर्चा है। सभी अपने अपने समर्थक अधिकारियों के साथ प्लांट के अंदर व टाउनशिप के अधिकारियों के दफ्तर आदि कार्य स्थलों पर पहुंचकर हाथ जोड़कर सहयोग की अपील कर रहे हैं। चुनाव प्रचार ओए की परंपरा व गरिमा के अनुकूल हो रहा है लेकिन जीत के लिए राजनीतिक दलों के लोगो के की तरह सियासी दांवपेंच अपनाए जा रहे हैं। आम सदस्यों की निगाहें अध्यक्ष के चुनाव पर टिकी हुई हैं। दोनों प्रत्याशी जीत का दावा कर रहे हैं लेकिन सदस्य रहस्यमयी मुस्कराहट के साथ दोनों को भरोसा दिला रहे हैं।

### महासचिव की तस्वीर धुंधली

महासचिव के लिए पंचुष्कोणीय मुकाबला है। पांच प्रत्याशियों में तुषार सिंह निवर्तमान कमेटी में उपाध्यक्ष और अंकुर मिश्रा कोषाध्यक्ष होने से चुनावी दृष्टि से सदस्यों के लिए चरिपरिचित हैं। वहीं सुधीर रामटेके, विजय सैनी व अजय चौरसिया पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन ये भी दोनों अनुभवी प्रत्याशियों की तरह सदस्यों से संपर्क में जुटे हुए हैं। प्लांट व टाउनशिप में चर्चा है कि अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष से अलग जीएम के लिए पांचो में वोट बंट जाने से कौन जीतेगा, इसका अंदाज लगाना फिलहाल मुश्किल है। मतदान 19 सितंबर को भिलाई क्लब व राजहरा क्लब में होगा। काउंटिंग व परिणामी अल सुबह तक आने के आसार हैं। चुनाव अधिकारी जीएम जेएन ठाकुर, संदीप झा, विकास चंद्रा और मैनेजर सैफुद्दीन फजली आगे की चुनावी प्रबंधन में जुटे हुए हैं।




हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



फंक्शन के लिए खास रहेंगे नेकलेस के नए डिजाइंस ट्रेडिशनल लुक के साथ करें ट्राई

## सिटी इवेंट

### शिक्षक राष्ट्र के निर्माता, आठवीं के बच्चों को ग्रीन बोर्ड किया भेंट



**भिलाई।** हायर सेकेंडरी स्कूल चिखली शाला प्रांगण में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक नेमसिंह साहू ने शिक्षक दिवस आयोजन के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अध्यक्ष स्वरूप साहू, संत चौहान विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने कहा कि आज शिक्षा में गिरावट का कारण नई पीढ़ी में सामाजिक मूल्यों के पतन से हो रहा है। हमें सम्मान पाने के लिए सम्मान देना पड़ेगा। शिक्षक राष्ट्र के निर्माता है, जो स्वयं मोमबत्ती की तरह जलकर हमें प्रकाश देता है, उनके सम्मान का ध्यान रखना होगा।

संत चौहान ने शिक्षकों को समाज की महत्वपूर्ण कड़ी बताया, दिलहरन यादव ने कहा कि सबका साथ सबका विकास तभी होगा जब अपने गुरुओं के आदर्श पर चले। उन्होंने मोर संग चलो गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य कल्पना अग्रवाल, ललिता ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत चिखली, ऊषा शर्मा पूर्व सरपंच भी उपस्थित थे। बी एड के प्रशिक्षार्थी शिक्षकों का भी शॉल और श्रीफल से स्वागत किया गया। साथ ही प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेंडरी से सत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। स्मिता तिवारी शिक्षिका पूर्व माध्यमिक शाला ने कक्षा आठवीं के बच्चों को ग्रीन बोर्ड भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष जांगड़े व्याख्याता और नेमसिंह साहू प्रधान पाठक ने किया।

## लाइव इवेंट

### चल खपरी जाबो शिविर में नशामुक्ति पर किया कविता पाठ



**दुर्ग।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय योजना इकाई द्वारा रजत जयंती समारोह के अवसर पर गोदग्राम खपरी में एक दिवसीय शिविर चल खपरी जाबो का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के साथ समाज सेवा और देशभक्ति की भावना का विकास होता है। समर्पित होकर ग्रामीण क्षेत्रों के शिविर में विशेष योगदान देना चाहिए। ग्राम सरपंच खपरी अनुसूईया साहू ने छात्राओं को कहा कि ग्रामीण विकास और जागरूकता अभियान से ग्रामीणों को प्रेरणा प्राप्त होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष जीवन लाल चन्द्राकर प्रधान पाठक खपरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में सद्भाव जागृत होता है। विद्यालय के बच्चों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा महाविद्यालय की छात्राओं को गांव में देखकर अपनी बेटियों की पढ़ाने की प्रेरणा ग्रामीणों में जागृत होती है। ग्राम के एक दिवसीय शिविर में छात्राओं द्वारा नशामुक्ति कविता पाठ एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। गांव में स्वच्छता जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता, नशामुक्ति पर रैली निकाली गई। हरियर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पौधों का रोपण और स्वच्छता अभियान कर सफाई की गई। इस अवसर पर ग्रामीण छात्र-छात्राओं द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम गीतिका, द्वितीय तामेश्वरी, प्रियंका तृतीय स्थान पर रहीं। कविता प्रतियोगिता में लोकेश्वरी साहू प्रथम, युवराज साहू द्वितीय और राधिका तृतीय रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में किंजल निषाद प्रथम, युवराज साहू द्वितीय और ओमशंकर निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्राथन पाठक भोजराम यादव और शिक्षक, दिनेश साहू , सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, चितरंजन साहू, अनामिका, विमल यादव, विजय चन्द्राकर, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, ज्योति भरणे और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### बीएसपी में राजभाषा पखवाड़ा 18 से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में 18 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक 'राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के अंतर्गत संयंत्र एवं खदानों में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। पखवाड़े की शुरुआत 18 सितम्बर को कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन सभागार में होगी, वहीं 19 सितम्बर को दोपहर वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन राजभाषा प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। 20 सितम्बर को दोपहर तात्कालिक निबंध लेखन प्रतियोगिता व 22 सितम्बर को इसी समय तात्कालिक काव्य लेखन और 24 सितम्बर को संयंत्र स्तरीय व खदान स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा।इच्छुक प्रतिभागी प्रविष्टियाँ 22 सितम्बर पर मेल पर भेज सकते हैं।

### आज से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामकथा वाचक राजन महाराज के श्रीमुख से बहेगी भक्ति की धारा

# सिर पर रामायण पोथी और कलश लेकर लगाए जय श्रीराम के नारे, राम दरबार और शिव परिवार झांकियों ने किया आकर्षित



**भिलाई।** जीवन आनंद फाउंडेशन के तत्वावधान में आईटीआई ग्राउंड भिलाई में 12 से 20 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामकथा वाचक राजन महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा के आयोजन की आज दोपहर 2 बजे से शुरुआत की जायेगी। रामकथा की शुरुआत से एक दिन पहले गुरुवार को भव्य कलश यात्रा जोन 1 शिवालय प्रांगण से निकाली गई जो क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए कथा स्थल आईटीआई ग्राउंड पहुंची। इस दौरान महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर गाजे बाजे की धुन में भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में शामिल हुई। रामकथा के दौरान शहर में भक्ति का माहौल बनने वाला है।



### फूल बरसाकर हुआ कलश यात्रा का स्वागत

सुप्रसिद्ध कथावाचक राजन महाराज की रामकथा के लिए निकली कलश यात्रा में आकर्षक झांकियाँ और भजन मंडलियाँ भी शामिल हुई। सभी महिलाएं और पुरुष पीले रंग के वस्त्र धारण कर पहुंचे हुए थे। कलश यात्रा की शुरुआत जोन 1 शिवालय प्रांगण से आचार्य पंडित संदीप तिवारी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।यजमान बने समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने रामायण की पोथी और पत्नी विजय लक्ष्मी ने सिर कलश धारण कर कलश यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने अपने सुसंकल्प और भाव के साथ कलश को धारण कर घर से लाकर सिर पर धारण कर किया।

### झांकियों ने किया आकर्षित

आज से शुरु होने वाली राम कथा के मंच पर अयोध्या में बने राममंदिर की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी, वही कलश यात्रा के दौरान भिंभौरी से पहुंची राम, सीता, बजरंग बली, लक्ष्मण सहित पूरे राम दरबार और बेरला की औढ़रदानी शिव, पार्वती परिवार की झांकी लोगो में आकर्षण का केंद्र रही। कलश यात्रा जिस भी चौक-चौराहे से निकली वहां झांकी देखने लोगो का हूजूम उमड़ पड़ा।



### सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु लेंगे कथा का लाभ : आचार्य संदीप



कलश यात्रा में शामिल आचार्य पंडित संदीप तिवारी ने कहा कि भिलाई में राजन महाराज की रामकथा पहली बार होने जा रही है। जिसका हर वर्ग के लोग लाभ ले सकेंगे। राजन महाराज अपने अद्भुत वाणी और गहन व्याख्यान से लाखों श्रोताओं के हृदय को स्पंदित कर चुके हैं। उनके श्रीमुख से होने वाली कथा हर वर्ग और हर आयु के श्रोताओं को आत्मिक शांति एवं जीवन के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि 12 से 20 सितंबर तक होने वाला यह आयोजन न केवल भिलाई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के धार्मिक मानचित्र पर एक ऐतिहासिक अवसर होगा।कलश यात्रा में आचार्य संदीप तिवारी, राजेश त्रिपाठी, भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, विजय जायसवाल, तेज बहादुर सिंह, बुध्धन ठाकुर, प्रवीण पांडे, राजू श्रीवास्तव सहित समिति के सभी कार्यकर्ता शामिल थे।

# भिलाई के लेफ्टिनेंट हर्ष गोहिया का भिलाई विद्यालय में सम्मान

**भिलाई।** भिलाई के युवा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त हर्ष गोहिया का भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार व शाला परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य ने हर्ष गोहिया को भिलाई विद्यालय का गौरव बताते हुए विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। हर्ष ने अपने अनुशासन, लगन, दृढ़ संकल्प और समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए साझा किया कि किस प्रकार उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा (सीडीएस) 2023 में सफलता प्राप्त कर आल इंडिया रैंक 187 हासिल की। हर्ष ने अपनी दिनचर्या, तैयारी की रणनीति और व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया।





## कुर्मी भवन में शिक्षक सम्मान समारोह कल, सेवानिवृत्त शिक्षक होंगे सम्मानित





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक सहयोग समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में इस वर्ष भी हिन्दी दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को कुर्मी भवन सेक्टर सात में शाम 5 बजे से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग राजेश्वरी चंद्राकर, नवीन देशमुख संगीतकार व फिल्म निदेशक और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ दीनदयाल साहू वरिष्ठ साहित्यकार व संपादक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सेवानिवृत्त शिक्षकों में प्रतिभा साहू, अश्विनी कुमार झा, टीका राम साहू आई एस मनु, नजमा रहीम, राम कुमार वर्मा, कुबेर राम देशमुख, गंगेश कुमार सिन्हा, कुंजलता साहू, दुलारी चंद्राकर,सुरेश कुमार चंद्राकर, पुनाराम देवांगन, मोहन राम साहू, महेश कुमार देवांगन और गिरधर लाल चेलक सम्मानित किए जाएंगे। इसी कड़ी में मेघावी छात्रों का भी सम्मान किया जाएगा। अतिथियों के उद्बोधन बाद कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दी जायेंगी। इस अवसर पर बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और अंचल के बुद्धजीवी के अलावा समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### क्वीज जॉब फेयर, संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में युवा का दिखा उत्साह

# भारत को विश्वगुरु बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका संकल्प और परिश्रम की आहुति से सपने होंगे साकार

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। 9 सितंबर से 12 सितंबर तक विद्यार्थियों के लिए संगोष्ठी, क्विज, जॉब फेयर, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसमें विद्यार्थी उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। आज इस आयोजन का समापन समारोह के रुप में किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे उपस्थित थी।









### विकसित भारत की कल्पना करे साकार

अपने संबोधन में डॉ वर्णिका शर्मा ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह तो महायज्ञ है जिसमें युवाओं को संकल्प और परिश्रम की आहुति देनी होगी, तब हम प्रधानमंत्री की आशाओं के अनुरूप विकसित भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे। जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि युवा का उल्टा वायु होता है जो अपनी योग्यता को वायु की तरह चारों दिशाओं में बिखेरते हैं। नारी शक्ति की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके रूप प्रेरणा और संघर्ष के प्रतीक है। विद्यार्थियों को विशेष कर छात्राओं से कहा कि वे किसी से कम नहीं है, अंतरिक्ष से लेकर विज्ञान के हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है।

### युवा वरिष्ठजनों से ले मार्गदर्शन

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने भी आध्यात्मिक उदाहरणों के माध्यम से नारी शक्ति की चर्चा की और युवा पीढ़ी को 2047 के भारत की संकल्पना को साकार करने जुटने का आव्हान किया। श्री गंगाजली शिक्षण समिति की अध्यक्ष डॉ जया मिश्रा ने रजत जयंती कार्यक्रम की चर्चा करते हुए आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम का लाभ उठाने तथा विशिष्ट वक्ताओं के संबोधन से प्रेरणा लेने कहा।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के एलुमनी की उपलब्धियों से संस्था आगे बढ़ती है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट की उपलब्धियों की सराहना की। कुलपति डॉ. एके झा और कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी सहित अधिकारी, प्राध्यापक, विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन डॉ गोविंद शर्मा ने किया।

**सिटी इवेंट**

## ताल रिदम के कलाकारों ने सदाबहार गीतों से किया विभोर



**भिलाई।** भिलाई ताल एवं रिदम अकादमी द्वारा प्रगति भवन के प्रेक्षागृह में सुर संध्या का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ओए अध्यक्ष एनके बंछोर थे। श्री बंछोर सहित विशेष अतिथि महासचिव परविंदर सिंह, अकादमी के डायरेक्टर दीपेंद्र हालदार और बीएसपी के पूर्व ईडी मानवस बिस्वास ने देवी सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुरु कराया। इस अवसर पर अकादमी के 50 गायक कलाकारों ने सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीपेंद्र हालदार व रामेश्वरी के करवटें बदलते रहे मधुर गीत से हुई। इसके बाद माया सोनी ने हमको तुमसे प्यार है नगमे से विभोर किया। तुम आ गए नूर आ गया गीत सुनीता तिवारी और रंजू कौशल ने ये दुनिया वाले पूछेंगे गीत से तालियां बटोरीं। कलाकारों ने इसी तरह पुराने और नए नगमों से शाम को यादगार बनाया। कार्यक्रम का शायराना संचालन छालीवुड अभिनेता अनंत सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का लुत्फ संगीतप्रेम देर रात तक उठाते रहे।



● पुस्तक प्रदर्शनी में उमड़ा विद्यार्थियों का उत्साह, विद्यालय में 3323 हिंदी किताबों का प्रदर्शन

# पुस्तकें कागज का संग्रह नहीं, बल्कि समाज का आईना प्रेमचंद, निराला, दिनकर की कृतियां आकर्षण का रहीं केंद्र

**दुर्ग।** हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में 3323 हिंदी पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रेमचंद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा, मैथिलीशरण गुप्त, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह दिनकर जैसे हिंदी साहित्य के शिखर कवियों और लेखकों की कृतियां आकर्षण का केंद्र बनीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदर्शनी में लगी एक-एक पुस्तक अपने भीतर सदियों का अनुभव समेटे हुई है, जो नई पीढ़ी को ऊर्जा और दिशा देती है।



### प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकें मात्र कागज का संग्रह नहीं, बल्कि समाज और आत्मा का आईना हैं। एक अच्छी पुस्तक जीवन को नया दृष्टिकोण देती है। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता से भाग लिया। बच्चों ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में पुस्तकों को एक ही स्थान पर देखना और उन्हें छूकर अनुभव करना अपने आप में एक अनोखा अवसर है। प्रदर्शनी के आयोजन में पुस्तकाल अध्यक्ष संजू कुमारी, एम.के. बोरकर, नीति दास राजभाषा प्रभारी, डॉ. अजय आर्य, प्रधान अध्यापक कमल सोनी, पुरुषोत्तम साहू उपस्थित रहे।



### नई पीढ़ी को ऊर्जा और दिशा देती है

पुस्तकालय अध्यक्ष संजू ने कहा की पुस्तकों को पढ़ने से जीवन में सकारात्मक नजरिया आता है और व्यक्ति तनाव से दूर रहता है। डॉ अजय आर्य ने कहा कि हिंदी साहित्य हमारी सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। एक-एक पुस्तक अपने भीतर सदियों का अनुभव समेटे होती है, जो नई पीढ़ी को ऊर्जा और दिशा देती है। नीता दास ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, यह हमारी आत्मा की धड़कन है। यदि हम हिंदी के महान लेखकों को पढ़ेंगे, तभी सही मायनों में साहित्य का रस और संस्कार पाएंगे।



### पुस्तक ही सबसे सच्चा मित्र : कमल सोनी

प्रधान अध्यापक कमल सोनी ने अपने संदेश में कहा कि अच्छी पुस्तकों का अध्ययन विद्यार्थियों को चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। पुस्तक ही सबसे सच्चा मित्र है। पुरुषोत्तम साहू ने पढ़ना एक साधना है और हिंदी साहित्य इस साधना का अमृत है। यह हमें जड़ों से जोड़े रखता है और भविष्य के लिए मजबूत आधार बनाने की बात कही। इस प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों के मन में हिंदी साहित्य और पुस्तकों के प्रति गहरी जिज्ञासा और प्रेम जगाया। आयोजकों का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे ताकि नई पीढ़ी पुस्तकों से दूर न जाए और हिंदी का गौरव सदैव बना रहेगा।

**सिटी लाइव**

## 36 जरुरतमंद को स्टिक, व्हीलचेयर इलेक्ट्रिक ट्राईसिकल का वितरण



**भिलाई।** समाज कल्याण विभाग व कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन, भिलाई द्वारा दिव्यांगजन और वृद्धजनों के लिए एक सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कल्याणी संस्था के निदेशक अजय कल्याणी ने अपने स्वागत भाषण में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के दूसरे चरण के शुभारंभ के बारे में विस्तार से बताया। राम गोपाल गर्ग ने कल्याणी संस्था और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि कल्याणी संस्था बेहद प्रेरणादायी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा माता-पिता द्वारा अपने बच्चों के लिए दिए गए त्याग को कभी नहीं भूलना चाहिए। यह जनहित का कार्य युवाओं को निश्चित रूप से प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम के दौरान 36 जरूरतमंद दिव्यांगजन और वृद्धजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें स्टिक, व्हीलचेयर, इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र, टी.एल.एम., नी ब्रेस और सिलिकॉन कुशन जैसे उपकरण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनसमुदाय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बना दिया। संस्था के प्रमुख अजय कल्याणी ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

**अन्न प्रासन्न संस्कार...**

## गोद भराई रस्म कर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश




**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग के तत्वावधान में महतारी वंदन सम्मेलन और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुपोषण अभियान अंतर्गत अन्न प्रासन्न संस्कार एवं गोद भराई की रस्म संपन्न की गई। साथ ही नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सम्मानित किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देश में नारी को जैसा सम्मान मिलता है वैसा विश्व अन्य देशों में नहीं मिलता। यहां नारी को आदिशक्ति के रूप में पूजते हुए मां के रूप में पहचाना जाता है। यह कार्यक्रम समस्त नारियों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो कहा है वह किया है। महतारी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 1000 रुपए डायरेक्ट खाता में हर माह प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार नारियों को विशेष महत्व देते हुए महिलाओं की गर्भवती अवस्था से लेकर प्रसव होने तक और आगे पढ़ाई करने के लिए व गृहस्थ जीवन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए सभी नारी वर्ग को योजनाओं से जोड़ रही है। इस दौरान महिला बाल विकास द्वारा संचालित स्व सहायता समूह के माध्यम से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने स्टाल में स्व सहायता समूह के माध्यम से तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, सुखदेव देवांगन, एडवोकेट बाल मुकुंद चंद्राकर, भाग्यश्री ठाकुर, संतोष कसार, उषा झा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**सुशासन से महिलाओं को मिल रहा है सम्मान**

**14 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन**

## सिक्ख पंजाबी विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 14 सितंबर को भिलाई सिविक सेंटर स्थित प्रगति भवन बीएसपी ऑफिसर्स एसोसियेशन हॉल, नगर प्रशासन भवन के पास में एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला विशेष रूप से दुर्ग संभाग के सिक्ख व पंजाबी विद्यार्थियों के लिए रखी गई है। इसमें कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थियों को राजधानी रायपुर के प्रख्यात कैरियर सलाहकार डॉ. अजीत वरवंडकर और नवदीप कौर छाबड़ा मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। एसोसियेशन के संयोजक जी.एस. बाम्बरा और दुर्ग संभाग प्रभारी सीएस बाजवा ने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को कैरियर विकल्पों, उच्च शिक्षा की संभावनाओं, निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास, परीक्षा में तनावमुक्त रहकर लक्ष्य निर्धारण जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों व उनके पालकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि दुर्ग-भिलाई, दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा और डोंगरगढ़ के लगभग 100 विद्यार्थी इस कार्यशाला में शामिल होंगे। गौरतलब है कि जनवरी 2018 में गठित छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन "सरबत दा भला" के उद्देश्य से शिक्षा, चिकित्सा और पारिवारिक परामर्श जैसे क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। संस्था ने इससे पूर्व रायपुर में भी विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया था। इस मौके पर सरदार जी.एस. बॉम्बरा संयोजक, एचएस धींगरा अध्यक्ष, प्रो. डॉ. बीएस छाबड़ा अध्यक्ष, एजुकेशन कमेटी, बीएस सलूजा सचिव, एचएस हुरा सचिव, कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, रायपुर रहे ।

**विद्यार्थियों को भविष्य का निर्णय लेने में होगी आसानी**

**सिटी इवेंट**

## बेटियों को मिली सरस्वती साइकिल, होगी सुविधा



**भिलाई/अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा डंगनिया में विष्णुदेव साय सरकार की महत्वकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9 वीं की 13 छात्राएं लाभान्वित हुईं। साइकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के भाजपा मंडल ओटेबन्द के अध्यक्ष व शाला विकास समिति अध्यक्ष कुलदीप साहू थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्रों को उत्साहपूर्वक पढ़ाई करने और विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर गांव के मुख्या सरपंच सत्यवती साहू, विधायक प्रतिनिधि नीलकंठ टंडन संस्था प्रमुख राजेश कुमार चन्द्राकर, कमलेश निर्मलकर व सभी शिक्षक एवम एसएमडीसी के सदस्य व स्कूली छात्र व छात्रायें उपस्थित रहे।

**गर्ल्स कॉलेज में संगवारी मड़ई एलुमनी मीट में दिखी छत्तीसगढ़ी परंपरा**

# पासआउट छात्राओं ने संगवारी मड़ई का लुत्फ उठाया, नृत्य नुक्कड़ नाटक और गीतों की रंगारंग प्रस्तुति में किया एंजाय

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती उत्सव के अन्तर्गत गर्ल्स कॉलेज में संगवारी मड़ई एलुमनी मीट भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान और भूतपूर्व छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, नुक्कड़ नाटक और गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी। मंड़ई में दूरदराज से एलुमनी मीट में पहुंची छात्राओं ने संगवारी मड़ई का आनंद लिया। साथ ही स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठाया और सेल्फी पॉइंट में यादगार पलों को कैमरे मे कैद किया।



### छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में छत्तीसगढ़ रजत जयंती उत्सव के अन्तर्गत भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह संगवारी मड़ई का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने प्रदेश की संस्कृति की जानकारी देते हुए महत्त्व को बताया और भूतपूर्व छात्राओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं समाज की विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है उन सभी पर हमें और महाविद्यालय को गर्व है। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने सभी संगवारियों का स्वागत करते हुए भूतपूर्व छात्रा संघ द्वारा महाविद्यालय और छात्रा हित में किये गये कार्य जिसमें गर्ल्स कॉमन रूम, इनक्युबेशन रूम, डोमशैड, एमए होम साइंस और पीजीडीसीए जैसी उपलब्धियों की जानकारी दी।

### गीतों की दी रंगारंग प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित इस आयोजन में वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्राओं द्वारा लोग नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर दूरदराज से एलुमनी मीट में पहुंची छात्राओं ने संगवारी मड़ई का आनंद लिया। स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजन और सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केंद्र रहे।

### कौशल विकास कार्यक्रम करने मिला प्रोत्साहन

भूतपूर्व छात्रा संघ की कोषाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि सभी भूतपूर्व छात्राओं को उनके द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम, आतिथि व्याख्यान, अनेक प्रशिक्षण कार्यशाला आदि के माध्यम से महाविद्यालय को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कालेज के दिनों की मीठी यादों को लिए आने वाले वर्ष में मिलने के वादे के साथ सभी विदा हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले और डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर के निर्वेद ने जीता गोल्ड



**रायपुर।** रायपुर के निर्वेद कश्यप ने वाराणसी में आयोजित छठवीं नेशनल थाईबाक्सिंग चैम्पियनशिप में 40 किलो वजन श्रेणी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। थाईबाक्सिंग इंडिया, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एशोसियशन द्वारा रिकोगनाईज एवं थाईबॉक्सिंग इंडिया फेडेरेशन द्वारा यह प्रतियोगिता अनुमोदित थी। निर्वेद कश्यप अमलेश्वर स्थित शिवोम विद्यापीठ में कक्षा 9 के छात्र है।

### नेशनल टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट में खेलेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी




**रायपुर।** टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा द्वितीय सीनियर नेशनल टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप (बालक/बालिका) का आयोजन गुरुवार से जगन्नाथ स्टेडियम पुरी ओडिशा में शुरू हुआ। 14 सितम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से 24 राज्यों से टीमें भाग ले रही है जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य की भी टीम शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम मे खिलाड़ियों का चयन राज्य के 5 जिलों से किया गया है। टीम इस प्रकार है मयंक दिव्य (कप्तान), मीर बरेठ (उप कप्तान), आर्यन श्रीवास्तव, यश बैसवार, खुशहाल पटेल, स्वप्निल साहू, अभय कहरा, टीशु पांडे, सोनू यादव, ताकेश्वर प्रसाद, शुभम दास महंत, विनय चौधरी, सत्यम दास महंत, आदित्य पांडे, आयुष कर्ष, योगेश सिंह और समीर कश्यप है। राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक व टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के संस्थापक एस गगन सिंह, टीम के कोच आशीष राउत और प्रबंधक सागर राज राठौड़ के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ राज्य की टीम नेशनल चैंपियनशिप में भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष डॉ. कल्याण साहू, उपाध्यक्ष ललित कुमार, महासचिव एस गगन सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष राउत, सहसचिव मनीष कुमार, राज्य कार्यकारी बोर्ड सदस्य शरफराज आलम, जोसफ केरकेट्टा, भूपेश यदु ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### साईं का आवासीय ट्रेनिंग हेतु ट्रायल 15 व 16 को राजधानी में



**रायपुर।** राजधानी स्थित साईं ट्रेनिंग सेंटर में आर्चरी और वॉलीबॉल का सलेक्शन ट्रायल 15 व 16 सितम्बर को आयोजित है। बूढ़ापारा स्थित आउटडोर स्टेडियम में वही प्रतिभागी शामिल होंगे जिन्होंने राज्य स्तरीय स्पर्धा में कम से कम हिस्सा लिया हो। उक्त ट्रायल में सेलेक्ट होने वाले प्रतिभागी आवासीय स्तर पर अपने आगामी ट्रेनिंग को पूरा करेंगे। ट्रायल बॉयज और गर्ल्स दोनों के लिए है। अधिक जानकारी के लिए केसी त्रिपाठी, श्रीमती रेनू पारीक और सतीश दुबे से संपर्क कर सकते है।

### राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता आज से बालोद में



**रायपुर।** 23वीं राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 12,13 एवं 14 सितंबर को बालोद में आयोजित है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 15 जिले एवं 05 यूनिट के बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता भारतीय भारोत्तोलन संघ के न्यू वजन वर्ग समूह में आयोजित होगी। जिसमें बालक के 08 एवं बालिका के 08 वर्ग समूह होंगे। प्रतियोगिता में 12 सितम्बर शाम 5 बजे मैनेजर मीटिंग एवं टैक्निकल मीटिंग होगी। जिसमें खेल के नए नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। 13 सितंबर को सुबह 07 बजे 44 किग्रा बालिका का वजन लिया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 09 बजे से प्रारंभ होगा। इसी तरह 08 बजे बालक 56 किग्रा ग्रुप का वजन ले कर 11 बजे प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। स्पर्धा का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा एवं 14 सितंबर शाम 05 बजे संघ के अध्यक्ष व दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के आधार पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन के टीम का चयन किया जाएगा जो दिसंबर के तीसरे सप्ताह में मोदी नगर ( उत्तरप्रदेश ) में हिस्सा लेगी।

### नेशनल एथलेटिक 10 से ओडिशा में

**रायपुर।** 40 वी नेशनल जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन ओडिशा में 10 से 14 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष 16 वर्ष 18 वर्ष एवं 20 वर्ष के बालक/बालिका भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 14 वर्ष 16 वर्ष 18 वर्ष और 20 वर्ष के वह बालक /बालिका भाग लेंगे जो एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुताबिक पूर्व में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिए होंगे अर्थात जो क्वालीफाई हुए होंगे।

## संतुलित वजन ही बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी

# वजन बढ़ाना या घटाना समझदारी नहीं, इसे नियंत्रित रखें तो हंसते-मुस्कुराते बीतेगी जिंदगी

वजन बढ़ना या कम होना मौजूदा समय की गंभीर समस्या है जिसे कई गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। अधिक वजन को हृदय रोगों, डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म की समस्या को बढ़ाने वाला भी माना जाता है, यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को वजन को कंट्रोल करने की सलाह देते हैं। वहीं वजन कम होना भी कई बीमारियों की वजह है। ऐसे में कई बार लोग या तो वजन कम करने उपाय अपनाने लग जाते हैं या फिर वजन बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ कदम उठाते रहते हैं। बेहतर यही है कि हम हम वजन संतुलित रखें। वजन को नियंत्रित और संतुलित रखने के लिए उपाय करना होगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रात के समय की हमारी कुछ आदतें वजन को नियंत्रित और संतुलित करने में मदद कर सकती हैं, इनपर ध्यान दिया जाना चाहिए।



### लाइफस्टाइल को रखें ठीक

जब आप अपना वजन नियंत्रित और संतुलित रखने की कोशिश कर रहे हों, तो स्वास्थ्यवर्धक भोजन और नियमित रूप से वर्कआउट करना महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके अलावा दिनचर्या में कुछ और छोटे-छोटे बदलावों पर भी सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि वजन को कंट्रोल करने और सेहत में सुधार के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

### अच्छी नींद बहुत जरूरी

वजन नियंत्रित और संतुलित रखने की कोशिश में लगे हुए हैं तो नींद की गुणवत्ता को ठीक रखना बहुत आवश्यक है। नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए जरूरी है कि आप रोजाना एक ही समय पर सोएं और जागें। एक शेड्यूल का पालन करने से अच्छी नींद लेने में मदद मिल सकती है। गुणवत्तापूर्ण नींद लेना वजन घटाने की योजना में आपके लिए लाभकारी हो सकती है। डाइटिंग के दौरान अगर आप नींद को ठीक नहीं रखते हैं तो यह भी वजन बढ़ाने वाली हो सकती है।

### शारीरिक गतिविधि पर दें ध्यान

वजन को नियंत्रित और संतुलित रखने के लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दें। शाम के समय शारीरिक गतिविधि इसमें आपके लिए मददगार हो सकती है। उच्च तीव्रता वाले व्यायाम आपकी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए हमेशा शाम के समय हल्के स्तर के ही व्यायाम करना चाहिए। बहुत देर तक वर्कआउट न करें। सोने से कम से कम एक घंटा पहले व्यायाम नहीं करना चाहिए।

### रात के भोजन का रखें ध्यान



रात के समय भोजन पर ध्यान देना वजन को नियंत्रित और संतुलित रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हल्का डिनर करने की सलाह देते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से तेजी से वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि रात के समय हल्का भोजन करें और भोजन के तुरंत बाद बिस्तर पर न जाएं। भोजन का समय भी वजन को कंट्रोल करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# ग्रैंडमास्टर थिप्से सिखा रहे शतरंज के गुर




**रायपुर।** राजधानी में आयोजित सात दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से सहित कई दिग्गज खिलाड़ी जुटे हैं। उद्घाटन अवसर पर थिप्से के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, प्रदेश शतरंज संघ की उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल, उपाध्यक्ष एम । चंद्रशेखर व राज्य सचिव हेमंत खुटे मंचस्थ थे। ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से ने इस अवसर पर कहा कि शतरंज केवल खेल तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह धैर्य और अनुशासन की कसौटी भी है। हम प्रशिक्षण के दरमियान जो भी दांव पेच सीखेंगे वो जीवन के हर क्षेत्र में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ बलराम जाखड़ का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि बलराम जाखड़ कॉलेज के दिनों में यूनिवर्सिटी चैंपियन रहे है। जिन्होंने अपनी सभी उपलब्धियों का श्रेय शतरंज को दिया । शतरंज खेलकर हम भले ही बड़ी - बड़ी स्पर्धाएं न जीते लेकिन जीवन में एक अच्छे इंसान जरूर बन सकते है । छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे ने प्रदेश की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम इसी माह दो और प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया था। जिसमें अंडर - 7 से अंडर - 13 आयु समूह के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस कैंप के मुख्य प्रशिक्षक नागपुर के इंटरनेशनल मास्टर अनूप देशमुख तथा रायपुर के कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार थे। इसी तारतम्य में हमने अंडर - 15,17,19 व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों हेतु सात दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है।ग्रैंडमास्टर लेवल कैंप का आयोजन करने का मुख्य मकसद प्रदेश के खिलाड़ियों के खेल को निखारना है ताकि नेशनल स्पर्धा में खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सके। प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व फीडे मास्टर किरण अग्रवाल व राज्य शतरंज संघ के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी एम चंद्रशेखर ने भी संबोधित किया। सात दिवसीय इस शतरंज प्रशिक्षण में 20 चयनित खिलाड़ी शतरंज की बारीकियों का विधिवत प्रशिक्षण ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण के संयोजक विकास शर्मा ने तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव आनंद अवधिया ने किया। प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर राज्य संघ के अन्य पदाधिकारियों में रवि कुमार,ईश्वर सिंह राजपूत, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, ओलंपिक एसोसिएशन के अशोक दुबे व प्रतिभागियो सहित पालकगण उपस्थित थे।

- सात दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

### घर में बना रहता है तनाव, तो अपनाएं फेंगशुई के उपाय



फेंगशुई के अनुसार, दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए बेडरूम में लाल रंग के गुलाब के फूल रखने चाहिए। यदि फूल संभव न हो तो लाल रंग के गुलाब के फूल की फोटो रखने से भी लाभ होता है।

फेंगशुई के मुताबिक दांपत्य जीवन में सुख-शांति और मधुरता के लिए घर की दीवार में सफेद घोड़े की पेंटिंग लगाने से प्रेम संबंध प्रगाढ़ होता है।

फेंगशुई में भी जीवनसाथी की तस्वीर बेडरूम में लगाना शुभ बताया गया है, हालांकि, इस दौरान एक बात का ध्यान रखें कि दोनों की तस्वीर हंसते हुए होनी चाहिए।

घर में जीवनसाथी के साथ तनाव चल रहा है तो घर में परिंदों की फोटो, पेंटिंग या पोस्टर लगाना चाहिए। इससे घर में सुख-शांति का माहौल बने रहता है और जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध स्थापित होते हैं।

फेंगशुई के अनुसार घर में डॉल्फिन की तस्वीर लगाने से भी वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है। डॉल्फिन की फोटो खेलते या डांस करते हुए होनी चाहिए।



### 10 राज्यों के विद्युत कर्मियों के बीच बैडमिंटन के मुकाबले शुरू

**रायपुर ।** 47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार एवं राजेश कुमार शुक्ला ने बैडमिंटन कोर्ट में शटल हिट करके किया। देश के 10 राज्यों के पॉवर कंपनियों के खिलाड़ियों के बीच हो रही इस प्रतिस्पर्धा में पहले दिन पहले और दूसरे राऊंड के मैच हुए। प्रारंभिक मैचों में काफी कड़ा मुकाबला रहा। कल टीम इवेंट के क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल मैच होंगे।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक (जनरेशन) एसके कटियार ने कहा कि ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिलना अपने आप में एक गौरव का विषय है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में अतिथि सत्कार का प्रमुख स्थान रहा है, हम सभी राज्यों से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं। उम्मीद है इन तीन दिनों में खिलाड़ी खेल के साथ-साथ यहां की संस्कृति, सभ्यता और पर्यटन स्थलों से रूबरू हो सकेंगे।

- टीम इवेंट का फाइनल मुकाबला केरल और तमिलनाडू के बीच होगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंध निदेशक (पारेषण) राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि हम सबके जीवन में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल आवश्यक है। सभी राज्यों के विद्युत कंपनियां अपने अधिकारी-कर्मचारियों को इसका अवसर प्रदान करती है और उनके प्रोत्साहन व उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय स्तर भी मंच देती है। ताकि उनमें अनुशासन के साथ-साथ टीम भावना भी विकसित हो सके।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सेंट्रल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी के महासचिव व कार्यपालक निदेशक (वित्त) एमएस चौहान ने आभार प्रदर्शन किया। श्री चौहान बताया कि इसमें 10 राज्यों के 65 से अधिक खिलाड़ी व प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इसमें कर्नाटक पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, कर्नाटक पॉवर कार्पोरेशन, तमिलनाडू पावर डिस्ट्रीब्यूशन



कार्पोरेशन लिमिडेट, यूपी पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, आंध्रप्रदेश ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, तेलंगाना ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड की टीम शामिल है। उद्घाटन समारोह में ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक (राजस्व) एसके ठाकुर, मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीस, चीफ रेफरी प्रताप भट्टाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। टूर्नामेंट का समापन 13 सितंबर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन-जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ। रोहित यादव होंगे। अध्यक्षता उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार करेंगे। विशेष अतिथि पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर उपस्थित रहेंगे।

### टीम इवेंट केरल पहुंची फाइनल में

पहले दिन ओपन सिंगल, ओपन डबल के साथ टीम इवेंट के मैच हुए। इसमें टीम इवेंट (मेन्स) के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल का मुकाबले रोचक रहे। छत्तीसगढ़ ने उत्तरप्रदेश की टीम को 3-0 से हराया। असम की टीम ने कर्नाटक पॉवर को 3-0 से शिकस्त दी। केरल ने दिल्ली ट्रांस्को को 3-0 से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक ने छत्तीसगढ़ 3-1 से हराया। आंध्रप्रदेश ने असम को 1-3 से शिकस्त दी। तमिलनाडू ने तेलंगाना को 0-3 से परास्त किया। सेमीफाइनल में केरल ने कर्नाटक को 3-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरे सेमीफाइनल मैच में तमिलनाडू ने आंध्रप्रदेश को हराया और विजेता कप के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। कल 12 सिंतबर को टीम इवेंट का फाइनल मुकाबला केरल और तमिलनाडू के बीच होगा। साथ ही ओपन सिंगल व डबल के रोचक मुकाबले कर दिनभर होंगे।

## कार्नर न्यूज

### राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप अग्रसेन भवन सेक्टर 06 भिलाई में शुरू

# पहले दिन सीनियर वर्ग में योग कौशल दिखाया देशभर युवाओं ने, हुआ हाईटेक मूल्यांकन

**भिलाई।** योगासन भारत के निर्देशन में राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 ,अग्रसेन भवन सेक्टर 06 भिलाई में गुरुवार से शुरू हुई। देश भर से आए योग खिलाड़ियों की मौजूदगी में सुबह से मुकाबले शुरू हुए। पहले दिन पुरुष व महिला सीनियर वर्ग में बैक बेंड सेमीफाइनल व आर्टिस्टिक सिंगल सेमीफाइनल के मुकाबले हुए। इन्हें देश भर से आए 80 निर्णायकों की टीम ने अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर पर आधारित तकनीक से परखा।

14 सितंबर तक चलने वाले इस आयोजन में खिलाड़ी,जज,टीम मैनेजर, प्रशिक्षक व छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों सहित लगभग 1500 लोग आए हुए हैं। इस छठवीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 सीनियर व सीनियर 'अ' देश भर के 32 राज्यों के प्रतिभागी अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि विश्व में योग का प्रचार प्रसार हेतु भारत सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में योगासन भारत के निर्देशन में छठवीं राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अनूप बंसल सह-राज्य



प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास, छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव डॉ।मेजर सिंह व कोषाध्यक्ष भोजेंद्र साहू, डी।के।देवांगन, खिलेंद्र साहू ,धीरेन्द्र वर्मा,संदीप गुप्ता,तिजऊ साहू, उद्धव साहू ,मधुस्मिता पंडा,सुमन भारती,दीक्षा साहू,शंभू कुशवाहा,मोनिका साहू,अनेश देशमुख,मनोरमा पांडे,कल्पना स्वामी सहायक संचालक, जी।आर।बिसेन, सुधा सोनी, राजेश पवार, दिनेश मिश्रा, राजेश तिवारी और यशोदा साहू सहित अन्य लोगों का विशिष्ट योगदान है।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हॉलीवुड छोड़ने के बाद 'स्ट्रेंजर थिंग्स' पर बोले डेकर , 'एक फैन की तरह देखूंगा'




नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिंदगी जी रहे हैं। शो से थोड़ा अलग-थलग महसूस करते हैं, लेकिन फिर भी अंतिम सीजन को लेकर उनकी एक्साइटेड कम नहीं है।

30 साल के मोंटगोमरी ने इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने लंबे समय से 'स्ट्रेंजर थिंग्स' से दूरी बनाई हुई है, लेकिन अब वो एक फैन के तौर पर इसका मजा लेने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'अब मैं बस एक दर्शक की तरह शो देखूंगा और इस बात से मुझे बहुत खुशी है।' कोविड-19 के दौर में इंडस्ट्री से थोड़ा अलग हो जाने के बाद डेकर अब केवल कुछ चुनिंदा कलाकारों से संपर्क में हैं।

डेकर मोंटगोमरी ने शो में अपनी सौतेली बहन मैक्स का किरदार निभाने वाली सैडी सिंक की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सैडी एक मेहनती और प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं और उन्हें विश्वास है कि उनका करियर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के बाद और ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने साथ ही कहा, 'सैडी के अभिनय में गहराई है और वो बहुत मेहनती हैं। उन्हें बड़े और चुनौतीपूर्ण रोल मिलते रहेंगे, इसमें कोई शक नहीं।'

### टॉलीवुड

## 'वायुपुत्र' होगी चंदू मुंडेटी की आगामी 3डी एनिमेशन फिल्म, सेलेब्स ने दी बधाई




निर्देशक चंदू मुंडेटी की नई 3डी एनिमेशन फिल्म का नाम 'वायुपुत्र' है। यह फिल्म दशहरा 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म को लेकर सेलेब्स और फैंस ने चंदू को शुभकामनाएं दी हैं। चंदू ने सोशल मीडिया पर 'वायुपुत्र' का पहला पोस्टर साझा किया और इसे अपने बचपन का सपना बताया है। साथ ही उन्होंने भगवान राम, हनुमान, ऋषि वाल्मीकि और अपने परिवार को धन्यवाद दिया। इस पोस्टर में भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान की तस्वीर साफ नजर आ रही है। वह पीठ घुमाए खड़े हैं और पूरा दृश्य आग की लपटों की वजह से और भी ज्यादा खौफनाक लग रहा है। पोस्टर में हनुमान को एक पहाड़ पर खड़े दिखाया गया है, जो लंका को जलते देख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ चंदू ने कैप्शन में लिखा, 'वायुपुत्र - सिर्फ एक फिल्म नहीं, एक पवित्र तमाशा। इस कहानी को बताने के लिए तैयार, हमारे इतिहास की आत्मा, हमारे इतिहास के पन्ने एक बचपन का सपना। भगवान श्रीराम, भगवान हनुमान, ऋषि वाल्मीकि, मेरे परिवार का धन्यवाद, गरु का धन्यवाद। जयश्रीराम। जयहनुमान।'

चंदू मुंडेटी की आगामी 3डी एनिमेटेड फिल्म को लेकर सेलेब्स से लेकर फैंस तक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। साउथ एक्टर नागा चैतन्य ने लिखा, 'मेरे प्यारे चंदू को शुभकामनाएं.. यह ब्लॉकबस्टर लग रही है', एक फैन ने लिखा, 'आपको बहुत बहुत बधाई सर', एक और फैन ने लिखा, 'बड़े पर्दे पर एक और 'महावतार नरसिम्हा' जैसी फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार है।' 'वायुपुत्र' हनुमान की भक्ति और शक्ति की कहानी है, जो भारतीय इतिहास और संस्कृति से प्रेरित है। यह फिल्म भव्य 3डी दृश्यों के साथ आस्था और वीरता को दर्शाएगी। इसे तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज की जाएगी।

### भोजपुरी

## अक्षरा का जबरदस्त डांस वीडियो हुआ वायरल, फैंस बोले- 'फायर है'



अक्षरा सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा कोरियोग्राफर के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। उनका यह किलर अंदाज फैंस के बीच पसंद किया जा रहा है। अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा ब्लैक शाइनिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अक्षरा कोरियोग्राफर एमके गुप्ता जॉय के डांस स्टेप्स फॉलो करती दिखाई दे रही हैं। डांस रिहर्सल के आखिर में अक्षरा का क्यूट अंदाज फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, जब उन्होंने कोरियोग्राफर की ओर इशारा करते हुए अपना डांस स्टेप खत्म किया। इस शानदार डांस वीडियो के साथ अक्षरा ने कैप्शन में लिखा, 'रिहर्सल मोड BTS सुपर टेलेंटेड एमके गुप्ता जॉय।' अक्षरा के इस डांस वीडियों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'सुपर शेरनी', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत अच्छा गाना है अक्षरा जी', एक और फैन ने लिखा, 'सुपरहिट है गाना', एक और फैन ने लिखा, 'शानदार', एक और फैन ने लिखा, 'मुझे आपका गाना बहुत अच्छा लगता है', एक और फैन ने लिखा, 'फायर मैडम।'


## मेंस ज्वेलरी

### साइड स्टाइल



यह कहना गलत नहीं होगा कि मेंस फैशन में ज्वेलरी ने पिछले कुछ समय से अपनी खास जगह बना ली है। इनमें ब्रोच, नेकलेस और रिंग स्टैक पर ज्यादा ध्यान रहता है। मॉडल्स को कई तरह के नेकलेस पहनना लगभग ज़रूरी सा लगता है, लेकिन सच कहें तो आपके पास एक बढ़िया नेकलेस होने पर कई नेकलेस पहनने की ज़रूरत नहीं है। गर्दन के खुले हिस्से या ऊपर से भारी नेकलेस पहने एक साधारण शर्ट में कुछ खास बात होती है जो वाकई कमाल की लगती है।

## पील ऑफ मास्क लगाते समय इन टिप्स को ना भूलें



स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन आपका कोई भी उपाय केवल तभी काम आता है, जब आपकी स्किन क्लीन हो। स्किन क्लीन होने पर हर प्रोडक्ट्स आपकी स्किन के भीतर तक जाता है, जिससे आपको बेस्ट रिजल्ट मिलता है। स्किन की डीप क्लीनिंग के लिए सिर्फ फेस वॉश करना ही जरूरी नहीं है, बल्कि कभी-कभी पील ऑफ मास्क को भी अप्लाई किया जा सकता है।

पील ऑफ मास्क ना केवल आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं, बल्कि उसे डीप क्लीन करते हैं। कभी-कभी पील ऑफ अप्लाई करने से स्किन ग्लो करने लगती है और टेक्सचर भी इंप्रूव होता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि पील ऑफ मास्क आपकी स्किन के लिए बेहद लाभदायक है, लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का भी ख्याल रखना चाहिए।

### पहले स्किन को करें क्लीन

यह सच है कि पील ऑफ मास्क आपकी स्किन को क्लीन करता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सीधे ही पील ऑफ मास्क को स्किन पर अप्लाई कर लें। हमेशा ध्यान रखें कि आप पहले अपनी स्किन को साफ करें। इससे मेकअप, गंदगी और अतिरिक्त तेल को रिमूव करने में मदद मिलेगी। साथ ही, स्किन को क्लीन करने से मास्क को बेहतर ढंग से चिपकने और अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिलेगी।

### जरूर करें पैच टेस्ट

यूं तो पील ऑफ मास्क आपकी स्किन पर प्रभावी तरीके से काम करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि मास्क हर स्किन टाइप के लिए उपयुक्त हो। इसलिए, अपने पूरे चेहरे पर मास्क लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य करना चाहिए। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि पील ऑफ मास्क में मौजूद सामग्री के कारण आपकी स्किन पर किसी तरह का एलर्जिक रिएक्शन होगा या नहीं।

### सेंसेटिव एरिया से बचें

यूं तो पील ऑफ मास्क को अपने पूरे चेहरे पर लगाया जा सकता है, लेकिन जब आप इसे स्किन पर लगा रही हैं तो इसे एकसमान रूप से लगाएं। साथ ही साथ, चेहरे के सेंसेटिव एरिया जैसे आंखें, आईब्रो व लिप्स आदि से बचाकर अप्लाई करें। इससे बाद में उसे रिमूव करते समय आपकी स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है। पील ऑफ मास्क बेहतर तरीके से काम करे, इसके लिए जरूरी है कि आप उसे सूखने के लिए पर्याप्त समय दें। अगर वह सही तरह से सूखता नहीं है तो इससे उसे रिमूव करते समय आपको प्रॉब्लम हो सकती है।

## फंक्शन के लिए खास रहेंगे नेकलेस के नए डिजाइंस





किसी भी फंक्शन में जाने के लिए अपने लुक को हम कई तरह से स्टाइल करते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए उसकी स्टाइलिंग करना बेहद जरूरी होता है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें ज्वेलरी का रोल अहम होता है। मार्केट में आपको कई तरह की ज्वेलरी के डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन किसी फंक्शन या शादी में जाने की हो तो तैयारियां कुछ ज्यादा ही करनी पड़ती हैं।

लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप स्टेटमेंट नेकपीस को स्टाइल कर सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं स्टेटमेंट नेकलेस के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप किसी भी शादी व फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### डायमंड डिजाइन नेकपीस



सबसे क्लासी लुक देने में मदद करती हैं डायमंड ज्वेलरी। इसमें अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के भरे गले वाले चोकर को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का चोकर लगभग हर तरह के आउटफिट के साथ आकर्षक नजर आएगा। साथ ही आप चाहे तो इसके साथ में कानों के लिए छोटे साइज के स्टड्स को पहन सकती हैं या चाहे तो कानों में इयररिंग्स को स्किप भी कर सकती हैं।

### मल्टी-कलर नेकपीस

खासकर पेस्टल साड़ी के साथ इस तरह की मल्टी-कलर वाली ज्वेलरी खूबसूरत नजर आती है। वहीं इसमें आप चाहे तो पर्ल भी अलग से लगवा सकती हैं। पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी भी पेस्टल कलर के कपड़ों के साथ बेहद खूबसूरत नजर आती है। इसके अलावा डायमंड वर्क में भी आपको मल्टी-कलर में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह का चोकर आप वी-नेक या गोल नेकलाइन के साथ ही स्टाइल करें। साथ ही मीडियम साइज के इयररिंग्स भी पहन सकती हैं।


## हेयर केयर रेमेडीज इस्तेमाल करने से पहले रहिए सचेत



हेयर फॉल की समस्या, ग्रे हेयर की समस्या, स्प्लिट एंड्स की प्रॉब्लम, खुजली वाले स्कैल्प की प्रॉब्लम और ना जाने क्या-क्या। ऐसे में हम कई बार अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट्स ट्राई करते हैं, तो कई बार हम देसी नुस्खों के पीछे भागते हैं, लेकिन इनसे फर्क कितना पड़ता है? डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आंचल पंथ के मुताबिक होम रेमेडीज कुछ हद तक असर तो करती हैं, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी होती हैं जिनसे कुछ भी नहीं हो पाता है। कई बार इन होम रेमेडीज के कारण हम अपनी सेहत को बिगाड़ भी लेते हैं।

**मिथकः नींबू की मदद से कम होता है डैंड्रफः** डॉक्टर आंचल के मुताबिक, नींबू की वजह से डैंड्रफ कम नहीं होता है और यह बस स्कैल्प में आए ऑयल को थोड़ा कम करता है। कई लोग लगभग हर हफ्ते नींबू का इस्तेमाल करते हैं और उनका ऐसा करना उनके स्कैल्प को और ज्यादा डैमेज कर देता है। क्यों स्कैल्प पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए नींबू?नींबू काफी ज्यादा एसिडिक होता है जिससे बालों का झड़ना बढ़ सकता है। नींबू में सिट्रिक एसिड बहुत होता है जो सूरज की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है और इसके कारण जब भी आप नींबू का रस लगाकर बाहर जाती हैं, तो यह धूप के कारण रिएक्ट करता है। ऐसे में स्कैल्प में खुजली, इन्फेक्शन, रैशेज, छोटे दाने और कोई और बड़ी बीमारी हो सकती है। नींबू का रस सीधे बालों पर लगाने से बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसका कारण इसमें मौजूद एसिडिक कंटेंट ही है। कभी कभार किसी देसी नुस्खे में नींबू का रस मिलाया जा सकता है क्योंकि इसमें विटामिन-सी होता है, लेकिन फिर भी यह आपके बालों पर असर करेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। डॉक्टर आंचल के मुताबिक नींबू का रस फायदे से ज्यादा नुकसान करता है।

## अपर लिप हेयर रिमूवल के बाद जरूर करें ये काम



चेहरे के अनचाहे बाल किसी को अच्छे नहीं लगते हैं। अक्सर इन बालों को हटाने के लिए हम सभी वैक्स या थ्रेडिंग करवाते हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा अपर लिप हेयर इरिटेट करते हैं। ऐसे में इन बालों को समय-समय पर रिमूव करना जरूरी होता है। चूंकि चेहरे का यह हिस्सा काफी सेंसेटिव होता है, इसलिए हेयर रिमूवल के बाद स्किन की सही तरह से केयर करना बेहद जरूरी होता है। अपर लिप हेयर को सिर्फ रिमूव करना ही काफी नहीं होता है। अगर स्किन की सही तरह से देखभाल नहीं की जाती है तो इससे अपर लिप हेयर में रैशेज, जलन या फिर रेडनेस की समस्या हो सकती है।

**करें क्लींजः** एक बार अपर लिप हेयर को रिमूव करने के बाद उसे क्लींज करना जरूरी होता है। इससे आपके अपर लिप एरिया पर मौजूद किसी भी तरह के बचे हुए वैक्स को क्लीन करना आसान हो जाता है। हालांकि, जब आप अपर लिप एरिया को क्लीन कर रही हैं तो किसी भी तरह के हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करने से बचें। यह आपकी स्किन में जलन पैदा कर सकते हैं।

**कूल कंप्रेस का लें सहाराः** कूल कंप्रेस का लें सहारा अपर लिप एरिया में हेयर रिमूवल के बाद अक्सर रेडनेस या फिर हल्की जलन का अहसास होता है। जिससे आपको अनकंफर्टेबल फील हो सकता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो आप कूल कंप्रेस का सहारा लें। इसके लिए आप एक साफ कपड़ा लें और फिर उसे ठंडे पानी से गीला करके इस्तेमाल करें। आप चाहें तो फ्रिज में ठंडा किया गया जेल मास्क भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**करें मॉइश्चराइजः** अपर लिप एरिया को क्लीन करने के बाद उस एरिया को मॉइश्चराइज करना जरूरी होता है। ध्यान रखें कि वह अल्कोहल फ्री हो, अन्यथा आपको जलन का अहसास हो सकता है। अपर लिप एरिया को मॉइश्चराइज करने से स्किन को हाइड्रेटेड रखने में मदद मिलती है।

**मेकअप को करें अवॉयडः** अपर लिप एरिया के हेयर रिमूवल के बाद मेकअप करना अच्छा नहीं माना जाता है। खासतौर से, बालों को हटाने के बाद कम से कम 24 घंटे तक उस एरिया पर मेकअप अप्लाई करने से बचना चाहिए। दरअसल, मेकअप उस एरिया के पोर्स को क्लॉग कर सकता है।

### कार्नर न्यूज

## मेंस फैशन में ट्रेंड के साथ-साथ टिप्स का जरूर रखें ध्यान

# पार्टी की शान बनना चाहते हैं तो तैयार होने के दौरान इन टिप्स का रखें ध्यान, नजरें टिकीं रहेंगी आप पर

आम तौर पर पार्टी या त्यौहार के मौके पर लड़कियां तो तैयार हो जाती हैं लेकिन लड़कों को समझ नहीं आता कि वह कैसे तैयार हों और कैसे कपड़े पहनें। हर लड़का चाहता है कि पार्टी या त्यौहार का पल जब कैमरे में कैद हो तो वह खुद भी अच्छा दिखे। ऐसे में लड़कों के लिए भी हैंडसम दिखना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर जानना चाहिए जिनको अपना कर आप भी पार्टी या त्यौहार पर हैंडसम दिख पाएंगे। अगर आप बताई गई टिप्स को फॉलो करके तैयार होंगे और ट्रेंडी कपड़े पहनेंगे तो आप पर लोगों की नजरें टिकी रहेंगी।

### करें ग्रूमिंग

पार्टी या त्यौहार के लिए तैयार होने के लिए सबसे पहले शेव करें और बालों को सही से सेट कर लें। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगी।

### फेस वॉश

पार्टी या त्यौहार के लिए तैयार होने से पहले चेहरे को सही से साफ कर



लें, ताकि त्वचा पर किसी तरह की गंदगी ना हो। इसके साथ ही अपने चेहरे को मॉइश्चराइज जरूर करें।

### पहनें इस तरह का आउटफिट

पार्टी या त्यौहार के मौके पर हैंडसम दिखने के लिए अगर आप चाहें कुछ अलग लुक कैरी कर सकते हैं। धोती-कुर्ता के साथ जैकेट आपके लुक को पूरा करने में मदद करेगी।

### पहन सकते हैं कुर्ता और पैंट

अगर आप धोती कुर्ता पहनना नहीं चाहते तो कुर्ता और पैंट कैरी करें। ये भी देखने में स्टाइलिश लगता है। इसे पहनकर आपकी तस्वीरें भी अच्छी आएंगी।

### जरूर पहनें घड़ी

अपने लुक को पूरा करने के लिए हाथों में घड़ी जरूर पहनें। लुक के हिसाब से ही घड़ी का चयन करें।

### फुटवियर का रखें खास ध्यान

अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए फुटवियर का ध्यान रखें। एथनिक स्टाइल वाली मोजरी खरीद कर कुर्ते के साथ पहन सकते हैं। मेंस फैशन में तैयार होते समय सही फिटिंग के कपड़े पहनें, रंगों और पैटर्न के सही कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें, अपनी बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान दें, अच्छी क्वालिटी के एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल करें और अपनी स्टाइल को खास बनाने के लिए अपनी शख्सियत के हिसाब से ग्रूमिंग करें।

### सही फिटिंग

कपड़े चाहे महंगे हों या सस्ते, अगर उनकी फिटिंग सही है तो वे आप पर अच्छे लगेंगे ही। ढीले-ढाले या बहुत टाइट कपड़े न पहनें।

